मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, सोमवार, 11 अगस्त 2025
संवत 2082, भाद्रपद कृष्ण पक्ष 2 मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 338 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ नशे के खिलाफ एक मजबूत सामाजिक और राष्ट्रीय मुहिम की जरुरत
बारिश वाले गानों का हमारी फिल्मों में हमेशा एक खाश मुकाम रहा: जान्हवी कपूर ◂◂ 6

# एनकाउंटर में मारा गया सूर्या हांसदा, कई आपराधिक मामलों में था वांटेड

## सूर्या ने तीन बार लड़ा था विधानसभा चुनाव

**संवाददाता**

**रांची:** विधायक जयराम महतो की पार्टी का नेता सूर्या हांसदा गोड्डा में पुलिए एनकाउंटर में मारा गया है। सूर्या हांसदा 2024 में बीजेपी छोड़कर जेएलकेएम पार्टी में शामिल हुआ था। ललमटिया थाना क्षेत्र के बोआरीजोर पुलिस और सूर्या हांसदा के बीच एनकाउंटर हुआ । सूत्रों के अनुसार, पुलिस टीम ने विशेष अभियान चलाकर हांसदा को घेराबंदी में लिया, जिसके दौरान गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में सूर्या हांसदा मारा गया है। सूर्या हांसदा ने गोड्डा में स्थानीय पत्रकारों से कहा था कि उसे गिरफ्तार किया गया है।



सूर्या हांसदा का आपराधिक इतिहास रहा है और उनके खिलाफ गोड्डा व साहेबगंज जिलों के कई थानों में गंभीर मामले दर्ज थे। 2019 में उन्होंने बोरियो विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन हार का सामना करना पड़ा। हाल के दिनों में पुलिस उनके खिलाफ लगातार अभियान चला रही थी।

सूर्या हांसदा को बीजेपी में किया गया था शामिल: रांची स्थित बीजेपी कार्यालय में 2019 में सूर्या हांसदा को बीजेपी की सदस्यता दिलाई गई थी । 2024 चुनाव में जयराम महतो की पार्टी के उम्मीदवार के रूप में सूर्या हांसदा चुनाव लड़ चुके है।

बीजेपी के पूर्व नेता सूर्या हांसदा का आपराधिक रिकॉर्ड काफी लंबा रहा है। गोड्डा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में उनके खिलाफ दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी से बचने के लिए वे लंबे समय से फरार चल रहे थे।

सबसे चर्चित मामला 9 जनवरी 2020 का है, जब गोड्डा जिले के ठाकुर गंगटी थाना क्षेत्र के बहादुरचक के पास अडाणी कंपनी के वाटर पाइपलाइन कार्य में लगे वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया था। जांच में सामने आया कि इस घटना की साजिश सूर्या हांसदा ने रची थी। तत्कालीन गोड्डा एसपी शैलेंद्र वर्णवाल के नेतृत्व में बनी विशेष टीम ने मामले में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया था कि वारदात से एक रात पहले सूर्या हांसदा ने अपने घर पर बैठक बुलाई थी, जहां सभी को भोजन कराया गया। बैठक में हांसदा ने पेट्रोल और डीजल देकर अडाणी कंपनी के वाहनों में आग लगाने का निर्देश दिया। इसके बाद सभी के मोबाइल बंद करवा दिए गए और घटना की रात हांसदा खुद भी मौके पर मौजूद रहे।

मजदूरों से मारपीट कर उन्हें घायल किया गया और फिर हाईड्रा क्रेन, पोकलेन मशीन और जनरेटर में आग लगा दी गई। इस घटना के बाद से हांसदा पुलिस की पकड़ से दूर थे।

## मुख्यमंत्री ने परिजनों संग सात कर्म का पारंपरिक विधान पूरा किया




**नेमरा/ रामगढ़:** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्ध कर्म का आज सातवां दिन है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने परिजनों संग दिवंगत आत्मा की शांति हेतु आज सात कर्म का पारंपरिक विधान पूरा किया । मुख्यमंत्री श्री सोरेन मर्माहत हृदय से न सिर्फ एक बेटे का कर्तव्य निभा रहे हैं बल्कि दिवंगत गुरुजी के यादों को समेटे हुए अपने पैतृक गांव नेमरा से ही राजकाज की जिम्मेवारी का भी निर्वहन भी पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ कर रहे हैं।

## वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ विपक्ष का मार्च, राहुल-प्रियंका हिरासत में

### पुलिस ने रोका तो अखिलेश ने फांदी बैरिकेडिंग

**नई दिल्ली:** चुनाव में धोखाधड़ी के आरोपों पर विपक्ष के चुनाव आयोग तक मार्च से पहले दिल्ली पुलिस ने सबको रोका। इसी दौरान अखिलेश यादव बैरिकेडिंग से कूदते नजर आए। विपक्ष का कहना है कि भाजपा के साथ मिलकर चुनाव आयोग वोटों की चोरी कर रहा है। उसका यह भी कहना है कि बिहार में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मतदाताओं के हित के बजाय अहित कर रहा है। एसआईआर के चलते राज्य से लाखों की संख्या में मतदाताओं के मताधिकार छीने गए हैं। विपक्ष इसमें मामले में सदन में लगातार चर्चा की मांग के साथ इसे वापस लेने की मांग कर रहा है। कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर के पावर



पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए चुनाव आयोग पर हेराफेरी का आरोप लगा चुके हैं। उन्होंने कर्नाटक की एक लोकसभा सीट के तहत एक विधानसभा सीट के तथ्यों के जरिए कई दावे किए थे और भाजपा-निर्वाचन आयोग की मिलीभगत का आरोप लगाया था।

इससे पहले दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया था कि भारत के चुनाव आयोग और भाजपा के बीच मिलीभगत हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना तीसरा कार्यकाल मिला। राहुल गांधी ने कहा, 'चुनाव आयोग हमें महादेवपुर (कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र) में आंकड़े नहीं दे रहा है। अगर हम अन्य लोकसभा सीटों पर भी ऐसा करें, तो हमारे लोकतंत्र की सच्चाई सामने आ जाएगी।' इस पर चुनाव आयोग ने पलटवार किया था। चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा था कि अगर कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता अपने विश्लेषण पर विश्वास करते हैं और मानते हैं कि चुनाव आयोग पर उनके आरोप सही हैं, तो उन्हें शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इसलिए उनके पास दो विकल्प हैं- या तो शपथ-पत्र पर हस्ताक्षर करें या चुनाव आयोग पर बेतुके आरोप लगाने के लिए देश से माफी मांगें।



## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस में बम ब्लास्ट से हड़कंप, ट्रेन के 6 डिब्बे पटरी से उतरे

**बलूचिस्तान :** पाकिस्तान में ट्रेनों पर हो रहे हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में रविवार को एक बार फिर जाफर एक्सप्रेस बम धमाके की चपेट में आ गई। इस हादसे में ट्रेन की छह बोगियां पटरी से उतर गईं। राहत की बात यह रही कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पाकिस्तानी न्यूज चैनल डॉन के मुताबिक, यह हादसा स्पेजैंड स्टेशन के पास हुआ, जब क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस में लगभग 350 यात्री सवार थे। जैसे ही ट्रेन इस क्षेत्र से गुजरी, एक तेज धमाका हुआ। रेलवे ट्रैक पर पहले से बम लगाया गया था, जो ट्रेन गुजरते ही फट गया। धमाके से ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

## सांसदों को तोहफा, पीएम मोदी ने किया 184 नए फ्लैट्स का उद्घाटन



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह मार्ग पर संसद सदस्यों के लिए 184 नए बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा किरेन रिजिजू उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह के दौरान, प्रधानमंत्री ने आवास स्थल पर सिंदूर का एक पौधा लगाया। उन्होंने आवासीय परिसर के निर्माण और पूरा होने के लिए साथ मिलकर काम करने वाले मजदूरों से भी मुलाकात की और बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मुख्य भाषण में कहा, आज मुझे संसद में अपने सहयोगियों के लिए आवासीय परिसर का उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला। चार टावरों के नाम हैं- कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली, जो भारत की चार महान नदियां हैं, कुछ लोगों को टावर का नाम कोसी रखने में असहजता महसूस होगी। वे इसे नदी के रूप में नहीं, बल्कि बिहार चुनाव के चश्मे से देखेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि नवनिर्मित फ्लैटों में से प्रत्येक का अनुमानित कार्पेट एरिया 5000 वर्ग फीट है। फ्लैटों को आवासीय और आधिकारिक दोनों उद्देश्यों के लिए पर्याप्त विशाल बनाया गया है।

### गंगा नदी का रौद्र रूप

## 8000 लोग बाढ़ से प्रभावित,दो दिन बंद रहेंगे स्कूल



**साहिबगंज:** गंगा नदी में आई बाढ़ को देखते हुए साहिबगंज में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के सभी स्कूलों को दो दिनों के लिए बंद करने का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, आज 11 अगस्त और कल 12 अगस्त को स्कूल बंद रहेंगे। यह आदेश जिला शिक्षा विभाग द्वारा रविवार देर रात जारी किया गया है।

गौरतलब है कि साहिबगंज में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। गंगा नदी में खतरे का निशान 27.25 मीटर निर्धारित किया गया है। जबकि सोमवार सुबह 6 बजे तक यह 28.62 मीटर मापा गया है जो खतरे के निशान से 1 मीटर 37 सेमी अधिक है। यानी गंगा अब एचएफएल (हाई फ्लड लेवल) की ओर बढ़ने लगी है। ऐसे में दियारा इलाका जलमग्न हो गया है और शहरी क्षेत्र में पानी घुस गया है। साहिबगंज नगर परिषद के 28 वार्डों में से 11 वार्ड बाढ़ से पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। लगभग 1600 घरों के लगभग 8000 लोग प्रभावित हुए हैं। घरों के आसपास पानी भर जाने से स्कूली बच्चों को परेशानी हो रही है। दियारा क्षेत्र और शहर के कई स्कूलों में पानी घुस गया है। इसे देखते हुए जिला शिक्षा विभाग ने स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया है। दियारा क्षेत्र के जलमग्न होने से शहर के 11 वार्ड प्रभावित हुए हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित वार्ड नंबर 13 हबीबपुर हुआ है। इस वार्ड के 400 से ज्यादा घरों में पानी घुस गया है।

## तिरुवनंतपुरम-दिल्ली एअर इंडिया फ्लाइट की चेन्नई में इमरजेंसी लैंडिंग, पांच सांसद थे सवार

### एयरलाइन ने बतायी तकनीकी खराबी , कांग्रेस सांसद बोले- कंपनी झूठ बोल रही

**नई दिल्ली :** तिरुवनंतपुरम से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की एक उड़ान को तकनीकी खराबी और खराब मौसम के चलते चेन्नई डायवर्ट करना पड़ा। विमान में पांच सांसद – केसी वेणुगोपाल, कोडिक्कुनिल सुरेश, अडूर प्रकाश, के। राधाकृष्णन और रॉबर्ट ब्रूस – सवार थे। विमान ने चेन्नई एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग की। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि उड़ान की शुरूआत ही विलंब से हुई थी। कुछ देर बाद भारी टबुर्लेंस का सामना करना पड़ा।





करीब एक घंटे बाद कैप्टन ने फ्लाइट सिग्नल फॉल्ट की घोषणा की और विमान को चेन्नई की ओर मोड़ दिया गया। वेणुगोपाल के मुताबिक, विमान चेन्नई के ऊपर करीब दो घंटे तक चक्कर लगाता रहा और पहली लैंडिंग के प्रयास के दौरान कैप्टन को विमान ऊपर खींचना पड़ा। उनका दावा है कि रनवे पर उस समय एक अन्य विमान मौजूद था। हालांकि, दूसरी कोशिश में फ्लाइट ने सुरक्षित लैंडिंग कर ली। उन्होंने कहा, कुशलता और भाग्य ने हमें बचा लिया। यात्रियों की सुरक्षा भाग्य पर निर्भर नहीं हो सकती। डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्रालय को इसकी जांच कर जवाबदेही तय करनी चाहिए। एयर इंडिया ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि चेन्नई की ओर मोड़ना संदिग्ध तकनीकी समस्या और खराब मौसम के कारण एक एहतियाती कदम था। पहली लैंडिंग के प्रयास के दौरान चेन्नई एटीसी ने गो-अराउंड का निर्देश दिया था, न कि रनवे पर किसी अन्य विमान की मौजूदगी के कारण। एयरलाइन ने कहा कि पायलट प्रशिक्षित हैं और मानक प्रक्रियाओं का पालन किया गया।

# आधी दुनिया को ले डूबेंगे... पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने भारत को फिर दी परमाणु हमले की धमकी

**नई दिल्ली :** पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने अमेरिका की धरती से भारत को परमाणु हमले की धमकी दी है। मुनीर ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में भारत के साथ युद्ध हुआ और पाकिस्तान के अस्तित्व पर खतरा मंडराया, तो वह पूरे क्षेत्र को परमाणु युद्ध में झोंक देंगे। यह पहली बार है जब किसी देश के सेना प्रमुख ने अमेरिकी धरती से किसी तीसरे देश के खिलाफ ऐसी धमकी दी है।

भारत के बांध को 10 मिसाइलों से करेंगे नष्ट: अमेरिका के टाम्पा शहर में आयोजित एक डिनर के दौरान मुनीर ने कहा, हम परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं। अगर हमें लगा कि हम डूब रहे हैं तो आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेंगे। द प्रिंट के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर में भारत से हार के बाद अपनी दूसरी अमेरिकी यात्रा में मुनीर ने सिंधु नदी के जल नियंत्रण को लेकर भारत पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, हम भारत के बांध बनाने का इंतजार करेंगे और जब वह ऐसा करेगा, तो हम उन्हें 10 मिसाइलों से नष्ट कर देंगे।

**अमेरिकी सैन्य अधिकारियों से मुलाकात:** भारत के साथ 4 दिन के संघर्ष के बाद दूसरी बार वॉशिंगटन पहुंचे मुनीर ने अमेरिका के शीर्ष राजनीतिक और सैन्य अधिकारियों से भेंट की। टाम्पा में उन्होंने अमेरिकी सेंट्रल कमान



भारत के बांध को 10 मिसाइलों से करेंगे नष्ट: अमेरिका के टाम्पा शहर में आयोजित एक डिनर के दौरान मुनीर ने कहा, हम परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं। अगर हमें लगा कि हम डूब रहे हैं तो आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेंगे। द प्रिंट के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर में भारत से हार के बाद अपनी दूसरी अमेरिकी यात्रा में मुनीर ने सिंधु नदी के जल नियंत्रण को लेकर भारत पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, हम भारत के बांध बनाने का इंतजार करेंगे और जब वह ऐसा करेगा, तो हम उन्हें 10 मिसाइलों से नष्ट कर देंगे।

(सेंटकॉम) के निवर्तमान कमांडर जनरल माइकल ई। कुरिल्ला के सेवानिवृत्ति समारोह और एडमिरल ब्रैड कूपर द्वारा कमान संभालने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

**दो महीने में दूसरा अमेरिका दौरा:** इससे पहले जून में मुनीर पांच दिवसीय अमेरिका यात्रा पर गए थे। उस दौरान वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ दोपहर के भोजन में शामिल हुए, जो आमतौर पर किसी राष्ट्राध्यक्ष या शासनप्रमुख को ही दिया जाने वाला सम्मान है। मुलाकात के अंत में ट्रंप ने तेल सौदे समेत कई क्षेत्रों में अमेरिका-पाकिस्तान सहयोग बढ़ाने की घोषणा की थी।

# शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देने पहुंचे टाटा स्टील के सीईओ व एमडी, हेमंत और कल्पना से की मुलाकात



**संवाददाता**

**नेमरा:** दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करने राज्यभर से लोग रामगढ़ नेमरा गांव पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिलकर लोगों ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। दूर-दराज से आए सभी लोगों ने गुरुजी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान टाटा स्टील के सीईओ एवं एमडी टीवी नरेंद्रन भी दिवंगत दिशोम गुरु जी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। टीवी नरेंद्रन ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि हम गुरुजी के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनका जीवन सेवा, समर्पण और सद्भावना का अद्वितीय उदाहरण रहा है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं साहस दें। हम सभी उनके योगदान और स्मृतियों को सदैव अपने हृदय में संजोए रखेंगे।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने गुरुजी के योगदान, उनके जीवन मूल्यों और उनके जनसेवा के कार्यों को याद किया। लोगों ने गुरुजी के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुजी का जीवन संघर्ष, त्याग और जनसेवा की अनमोल मिसाल रहा। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी वे अडिग रहे और कभी उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। जनसेवा के प्रति उनका अटूट समर्पण, संघर्ष और त्याग आने वाली पीढ़ियों के द्वारा हमेशा याद रखा जाएगा। कार्यक्रम में मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में आम लोग उपस्थित हुए।

## नेतरहाट आवासीय विद्यालय के चेयरमैन ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि



**नेमरा:** नेतरहाट आवासीय विद्यालय के चेयरमैन संतोष उरांव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेमरा स्थित आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के पिता एवं झारखंड आंदोलन के प्रणेता, पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु स्व। शिबू सोरेन के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की।

संतोष उरांव ने कहा कि दिशोम गुरु का योगदान झारखंड की अस्मिता, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन न केवल एक महान राजनेता थे, बल्कि वे आदिवासी समाज के उत्थान और राज्य के निर्माण के लिए आजीवन समर्पित रहे।

न्यूज IN ब्रीफ



### तिरंगा यात्रा में डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पुरखों का बलिदान कराया याद

**डोमचांच:** युवा शक्ति द्वारा आयोजित एतिहासिक तिरंगा यात्रा में डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चे शामिल होकर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति को दिखाने का काम किया, जहाँ एक तरफ छत्रपति संभाजी महाराज और मुगल सुल्तान के औरंगजेब के बीच हुए युद्ध को दिखाया गया। और समाज को यह याद दिलाने का प्रयास किया गया की कैसे मराठा सम्राट ने देश की मान सम्मान के लिए खुद को कुर्बान कर दिया था। विद्यालय के बच्चों ने कई प्रकार के महापुरुषों का वीरों का वीरांगनाओं का रूप धारण कर समाज को याद दिलाने का प्रयास किया कि यह देश की आजादी जो हमें मिली है उसमें हमारे पुरखों ने कितना संघर्ष किया है। कितनी बलिदान हुये है हमें इसके कीमत को समझनी चाहिए। वहीं दूसरी तरफ विद्यालय के बच्चों के द्वारा शानदार परेड की भी प्रस्तुति की गई थी सभी बच्चे विद्यालय बैंड के ताल पर अनुशाशित ढंग से परेड मार्च करते हुए लगभग 7 किलोमीटर का पैदल मार्च किया कार्यक्रम का समापन हाई स्कूल मैदान में हुआ जहां विद्यालय के निदेशक दिलीप यादव को मोमेंटो देकर और पौधे देकर युवा शक्ति एक नई सोच के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर निदेशक सुनील कुमार एवं दिलीप कुमार उपस्थित थे साथ ही साथ विद्यालय के अकैडमीक अंजनी सिंह, गणेश गोस्वामी, राजदीप दास, राज कुमार,अनुज मेहता,इंद्रेश कुमार, रोहित शर्मा, प्रियंका, भारती, खुशबू बर्णवाल, हनी मिस, दीप्ति बर्णवाल, प्रीति सिन्हा, कविता सिंह, बुलबुल मैडम, सहित सैकड़ों के सांख्य में विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

### वज्रपात से जैन मंदिर का गुंबद क्षतिग्रस्त



**खूंटी:** वज्रपात से खूंटी जिले के कर्रा रोड स्थित प्रसिद्ध जैन मंदिर का मुख्य गुंबद क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में मंदिर में लगे कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी खराब हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि तड़ित प्रहार इतना तीव्र था कि आसपास के घरों के उपकरणों को भी नुकसान पहुंचा। बिजली गिरने की आवाज इतनी तीव्र थी कि बच्चों सही बड़े भी सहम गए। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है पर सामानों का नुकसान उठाना पर। बिजली शनिवार रात करीब 8 बजे खूंटी के कर्रा रोड पर स्थित जैन मंदिर पर गिरा, जिसमें मंदिर का मुख्य गुंबद क्षतिग्रस्त और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो गए। मंदिर के नजदीकी आस पास के आवासीय क्षेत्रों में भी बिजली के गिरने से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रभावित हुए। मंदिर ट्रस्ट के अधिकारियों ने बताया कि क्षतिग्रस्त गुंबद की जगह जल्द ही नए गुंबज का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही, मंदिर में सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने पर विचार किया जा रहा है।

### गौतम यात्री बस ने दो गायों को कुचला, एक की मौत, एक घायल



**चतरा:** सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शहर के नजदीक तपेज स्थित तुड़ाग मोड़ पर गौतम नामक यात्री बस ने गौ माता को कुचल दिया। दुर्घटना में एक गौ माता की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गौ माता गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार रांची से चतरा आ रही गौतम नामक यात्री बस को ड्राइवर अनियंत्रित रूप से बहुत तेज रफ्तार से चला रहा था। यात्री बस ने सड़क के किनारे बैठी गौ माताओं को सामने से जोरदार ठोकर मार दी। दुर्घटना में बड़ी गौ माता के पेट एवं कूल्हे में चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं दूसरी गौ माता बस के अगले पहिया के नीचे फंस गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि हम लोगों ने पीछा कर बस चालक को तेज आवाज देकर बस को रुकवाना चाहा पर चालक नशे में धुत था । वहीं बस में बैठे एक यात्री ने बताया कि चालक जिस तरह बस चला रहा था, कि हमलोगों को लगा अब बस पलट जाएगी। पर ऊपर वाले का शुक्र है हम सभी सही सलामत हैं।घटना के बाद चालक बस को एसएसबी कैंप के निकट रोककर फरार हो गया।

### हंटरगंज में फाइलेरिया मुक्त अभियान शुरू



**चतरा:** जिले के हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को फाइलेरिया मुक्ति अभियान का शुभारंभ हुआ। सीएचसी चिकित्सा प्रभारी वेद प्रकाश ने फीता काटकर अभियान का उद्घाटन किया। उन्होंने एल्बेंडाजोल तथा डीईसी टैबलेट खिलाकर अभियान की शुरूआत की।कार्यक्रम में प्रभारी डॉक्टर वेद प्रकाश ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर एवं लाइलाज बीमारी है, जो संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है। इस बीमारी से बचाव के लिए समय पर दवा का सेवन अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में विशेष जोर व्यक्तिगत स्वच्छता, साफ-सफाई एवं सामुदायिक जागरूकता पर दिया गया। आगे बताया गया कि अपने परिवार, पड़ोसियों तथा समाज के अन्य लोगों तक भी पहुंचायें और सुनिश्चित करें कि सभी लोग निर्धारित समय पर दवा का सेवन करें। उन्होंने यह भी बताया कि यदि विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जा रही दवाओं का सभी नागरिक नियमित सेवन करें, यह जागरूकता अभियान 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलाया जाएगा। फाइलेरिया मुक्ति अभियान के तहत क्षेत्र के लोगों को दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। मौके पर बीपीएम संजय कुमार सिन्हा, डॉक्टर अनवर,एमटीएस राजेश कुमार सिंह, एमपीडब्लू सौरभ कुमार, पीरामल फाउंडेशन और शिवा फाउंडेशन के दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सभी वृक्षों में लोहे और प्लास्टिक जाली गेबियन लगाकर किया गया सुरक्षित

### शहर को स्वच्छ, सुंदर व हरा भरा बनाने के लिए रोटरी क्लब ने लगाया छायादार पौधे

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**झुमरी तिलैया:** शहर को स्वच्छ सुंदर हरा भरा बनाने के लिए दिन रविवार को रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा नगर सौंदर्यकरण के अंतर्गत शहर के मुख्य बाजार अशोका होटल के पास से आईडीबीआई बैंक समानतौ बाइक शोरूम के पास रोड के किनारे गुलमोहर एवं छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। सभी वृक्षों को सुरक्षित लोहे और प्लास्टिक जाली गेबियन लगाकर सुरक्षित किया गया समाजसेवी संजय अग्रवाल ने वृक्ष की सुरक्षा के लिए दो गैवियन रोटरी क्लब को दिया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के परियोजना निदेशक रोटेरियन वीरेंद्र यादव वीरू फर्नीचर एवं सचिव संदीप सिन्हा, अजय अग्रवाल का प्रयास सराहनीय रहा मौके पर उपस्थित सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार ने रोटरी क्लब के पर्यावरण सुरक्षा के इस कार्य की प्रशंसा की और कहा कि नगर परिषद हमेशा शहर के विकास के लिए ऐसे कार्यों को प्रोत्साहन देगा। रोटरी अध्यक्ष संतोष सिन्हा ने इस मौके पर कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण जरूरी है शहर में वृक्ष लगाने से शहर का सौंदर्य भी बढ़ेगा हरा भरा होगा क्लब की हमेशा कोशिश रहेगी की जनहित में शहर को और अधिक सुंदर कैसे बनाया जाए पब्लिक रिलेशन के डायरेक्टर सह मीडिया प्रभारी नवीन जैन ने कहा कि प्रकृति की रक्षा के लिए रोटरी कोडरमा कृत संकल्पित है और हमेशा पौधारोपण एवं वितरण के द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए काम करता है आने वाले दिनो में रोटरी कोडरमा शहर के दुकानदारों एवं नगर परिषद से स्वीकृति लेकर रोड के किनारे छायादार वृक्षों को लगाएगी इस मौके पर रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष महेश दारूका ,कैलाश चौधरी, सुरेश जैन ,राम रतन महर्षि ,अजय अग्रवाल, प्रकाश गुप्ता कमल दारूका, मनीष पेड़ीवाल ,गौरांग पुजारा, दीपक छाबड़ा, अनिल खाटू वाला, आशीष खेतान, प्रतिक पांडया ,मनीष गंगवाल ,सेक्रेड हार्ट स्कूल के डायरेक्टर प्रमोद सर समाजसेवी संजय अग्रवाल, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अरुण ओझा ,अजीत बरनवाल व अन्य लोग उपस्थित थे।






### 30 लाख से अधिक मूल्य की चोरी का मामला दर्ज, चार गिरफ्तार

**खूंटी:** शहर के कर्रा रोड निवासी ,किराना व खाद्य सामग्री के होलसेल विक्रेता भोला साहू के घर से पिछले तीन महीनों में 30 लाख रुपये से अधिक का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। भोला साहू ने इस चोरी का मुख्य आरोपी अपने ही बगल में रहने वाले रिश्तेदार कुणाल साहू को बताया, जिसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस जांच में तीन अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है, जिन पर चोरी के माल की खरीद-फरोख्त का आरोप है। भोला साहू ने बताया कि पिछले तीन महीनों से उनके गोदाम से सामान गायब हो रहा था, जिसके कारण परिवार के सदस्यों के बीच आपसी झगड़े भी हुए। रविवार की सुबह जब कुणाल साहू चोरी करते हुए रंगेहाथ पकड़ा गया, तो उसने भागने की कोशिश की, लेकिन असफल रहा। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, जिसमें कुणाल को बार-बार चोरी करते हुए देखा गया। भोला साहू ने खूंटी थाना को आठ दिनों का फुटेज सौंपा है, जबकि तीन महीने का रिकॉर्ड भी सुरक्षित है।

भोला साहू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पिछले तीन महीनों में उनके गोदाम से निम्न सामान चोरी हुआ जिसमें

1000 पेटी तेल (सिर्फ 15 दिनों में 500 पेटी) 25 बोरा आधुनिक मसाला, 3 बोरा मिर्चा, इसके अलावा, चोरी का माल रांची में भी बेचा गया है, जिसकी जांच पुलिस कर रही है।

### मोबाइल वेटरनरी यूनिट 1962 की सेवा ठप, पशु बेहाल

## झारखंड में 472 कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

**चतरा:** झारखंड में मोबाइल वेटरनरी यूनिट (एमवीयू।-1962) योजना के तहत कार्यरत पायलट और पारावेट कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को 10 दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक सरकार या विभाग की ओर से कोई ठोस पहल नहीं हुई है। इसका खामियाजा सीधे-सीधे ग्रामीण क्षेत्रों के मवेशियों को भुगतना पड़ रहा है। जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड के ललकी माटी गांव में इसकी करुण तस्वीर सामने आई, जहां 10 दिन से बीमार बकरियों को इलाज नहीं मिल सका और उन्होंने तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। पशु मालिक ने यूनिट 1962 पर कॉल किया, लेकिन हड़ताल के चलते कोई टीम मौके पर नहीं पहुंची।

तीन माह से वेतन बकाया, आर्थिक संकट में सैकड़ों परिवार: हड़ताली कर्मियों का कहना है कि पूरे राज्य में करीब 472 पायलट और पारावेट तीन महीने से वेतन से वंचित हैं। कंपनी की ओर से केवल ह्फंड की प्रतीक्षाह्व का जवाब दिया जाता रहा है। 12,000 मासिक वेतन पर निर्भर इन कर्मचारियों के सामने रोजमर्रा के खर्च पूरे करना कठिन हो गया है।



### इंटेंसिव ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन का ज़िला स्तरीय उद्घाटन समारोह

# फाइलेरिया मुक्त चतरा की दिशा में ऐतिहासिक कदम





**संवाददाता**

**चतरा:** सदर अस्पताल चतरा में रविवार को इंटेंसिव ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (आईडीए 2025) कार्यक्रम का ज़िला स्तरीय उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में चतरा विधायक जनार्दन पासवान, सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद, जिला सुपरिंटेंडेंट डॉ। पंकज कुमार यादव, डीपीएम चतरा डॉ। अशुतोष एवं वीबीडी कंसल्टेंट श्री अभिमन्यु कुमार ने दवा खाकर सामूहिक रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समाजसेवी अनिल सिंह एवं पिरामल फाउंडेशन की जिला स्तरीय टीम भी उपस्थित रही।इस मौके पर जागरूकता रथ को मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।जो ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को फाइलेरिया से बचाव के उपायों और आईडीए अभियान के महत्व के बारे में जागरूक करेगा।समारोह ने उपस्थित लोगों को बताया गया कि यह कार्यक्रम 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा, जिसमें घर-घर जाकर एवं बूथ स्तर पर पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क दवा दी जाएगी।आगे बताया गया कि फाइलेरिया के लिए 12,85,772 लोगों को चिन्हित किया गया है। जिसमें से दवा सेवन के लिए 11,57,194 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।इसके लिए पूरे जिले में 1,486 बूथ बनाए गए हैं।इसके लिए दवा प्रशासक के लिए 2972 प्रशिक्षित कर्मियों को लगाया गया है।कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया रोगियों को एमएमडीपी किट का वितरण किया गया, जिससे वे घर पर ही लक्षण प्रबंधन और देखभाल कर सकें। वीबीडी कंसल्टेंट अभिमन्यु कुमार ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि फाइलेरिया मच्छरों द्वारा फैलने वाला परजीवी रोग है। यह रोग क्यूलेक्स जाति के मच्छरों के काटने से होता है, जो गंदगी, गंदे पानी और खुले नालों में पनपते हैं। लंबे समय तक संक्रमण रहने पर यह हाथीपांव का कारण बन सकता है। बताया कि निर्धारित समय पर आईडीए अभियान की दवा का सेवन करना ही इसका बचाव है। इसके अलावा मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग, मच्छररोधी क्रीम, घर और आसपास की सफाई,पानी का ठहराव रोकना और नालियों की नियमित सफाई है।

मुख्य अतिथि जनार्दन पासवान ने अपने संबोधन में कहा, फाइलेरिया से बचाव आसान है, यदि हर व्यक्ति समय पर दवा ले और मच्छर नियंत्रण के उपाय अपनाए। चतरा फाइलेरिया मुक्त बने, यही हमारा संकल्प है।₹इस मौके पर सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद ने बताया कि इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि और स्वयंसेवी संगठन मिलकर कार्य करेंगे ताकि 100% कवरेज सुनिश्चित किया जा सके।

# फाइलेरिया के खिलाफ हों एकजुट : डॉ इरफान अंसारी

संवाददाता

**रांची:** झारखंड के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने आज जामताड़ा में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री ने स्वयं मंच से फाइलेरिया रोधी दवा की खुराक लेकर पूरे राज्य को संदेश दिया, मैंने दवा ली है, आप भी लें।



डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि हर हाल में झारखंड को फाइलेरिया मुक्त बनाना है। अभियान का लक्ष्य है, 2027 तक झारखंड को पूरी तरह फाइलेरिया मुक्त घोषित करना। स्वस्थ झारखंड, सक्षम झारखंड के विजन को साकार करना। सुनिश्चित करना कि कोई भी पात्र व्यक्ति दवा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि एक गोली से बच सकता है जीवन और फाइलेरिया के खिलाफ लोग एकजुट हों। डॉ। अंसारी ने कहा कि फाइलेरिया केवल शारीरिक अपंगता नहीं लाता, बल्कि आत्मसम्मान, आजीविका और मानसिक स्वास्थ्य को भी गहरी चोट पहुंचाता है, लेकिन यह पूरी तरह रोकी जा सकती है। साल में केवल एक बार दी जाने वाली दवा से। राज्य सरकार पहले ही कई अग्रणी कदम उठा चुकी है उनमें शामिल है प्रखंड स्तर पर फाइलेरिया रोधी गतिविधियों का सफल क्रियान्वयन। प्रभावित लोगों को विशेष चप्पल का वितरण। हाइड्रोसील ऑपरेशनों की मुफ्त सुविधा। विकलांगता प्रमाणपत्र की आसान उपलब्धता।

डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि जामताड़ा के लोगों की दुआओं से मैं विधायक बना, मंत्री बना। इसलिए राज्य का कोई भी बड़ा कार्यक्रम सबसे पहले जामताड़ा से ही शुरू होगा। विपक्ष आलोचना करता है, लेकिन जहां काम होता है वहीं आलोचना होती है। मैं रुकने वाला नहीं– दिन-रात इस विभाग को सशक्त और मजबूत बनाने में जुटा हूं। मंत्री ने कहा कि हम सबका दायित्व है कि इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। सबसे पहले स्वयं दवा लें और अपने परिवार के हर सदस्य को भी अवश्य खिलाएं। हमारा गांव, हमारी पंचायत, हमारे शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्यकर्मी और मीडिया–सभी मिलकर इसे एक जन-आंदोलन बनाएं। याद रखिए, यह केवल एक सपना नहीं, बल्कि हमारा साझा संकल्प है, स्वस्थ झारखंड, सक्षम झारखंड। आइए, हाथ से हाथ मिलाकर, इस मिशन को सफल बनाएं।

## दूसरे दिन भी हंगामा सड़को पर उतरे लोग

मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी में दूसरे दिन भी हंगामा जारी रहा। साहिल उर्फ कुरकुरे की हत्या के बाद सेंट्रल स्ट्रीट की सड़क पर लोग उतर गये और हंगामा शुरू कर दिया। परिजन गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे । यह बता दें कि बीते दिन साहिल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हिन्दपीढ़ी में हुई फायरिंग के बाद लोगों ने चमकी जमकर हंगामा किया था। इतना ही नहीं पूर्व पार्षद असलम के कार्यालय पर उग्र लोगों ने जमकर उत्पाद मचाया था। आगजनी और तोड़फोड़ भी की थी। आक्रोशित लोगों ने थाने का भी घेराव किया था। फिलहाल लोगों को समझ कर मामला शांत किया गया जा रहा है हिन्दपीढ़ी में सभी दुकानों को बंद करवा दिया

## मंत्री दीपिका पांडेय से मिले बंधु तिर्की

# पेसा कानून के ड्राफ्ट को लेकर अपनी राय साझा की

मेट्रो रेज

**रांची:** कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने सोमवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने पेसा कानून के ड्राफ्ट को लेकर अपनी राय साझा की और आवश्यक संशोधन से संबंधित सुझावों का एक दस्तावेज मंत्री को सौंपा।

बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड जैसे आदिवासी बहुल राज्य के लिए पेसा कानून की भूमिका बेहद अहम है। इसे केवल लागू करना ही नहीं, बल्कि प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंचायत राज विभाग इस दिशा में अच्छा कार्य कर रहा है और अगर कुछ जरूरी सुधार किए जाएं, तो यह प्रयास



और भी सफल हो सकता है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके सुझाव ग्राम सभा को सशक्त बनाने, गांवों के समावेशी विकास और झारखंड की पारंपरिक सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दिए गए हैं।

मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच पेसा कानून को लेकर विस्तार से चर्चा हुई और इसकी बेहतर क्रियान्वयन रणनीति पर भी विचार किया गया।

## हिंदू जागरण मंच का कार्यकर्ता परिचय व स्नेह मिलन समारोह

# शामिल हुए सुनील सिंह, किया गया सम्मानित

मेट्रो रेज

**रांची:** रातू क्षेत्र अंतर्गत गायत्री नगर तिलता हनुमान मंदिर में रविवार को हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता परिचय एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन गायत्री नगर तिलता हनुमान मंदिर समिति की ओर से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन डॉ. बृजेश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हिंदू जागरण मंच के नवनियुक्त प्रांत संयोजक विक्रम शर्मा, प्रांत सह संयोजक मनोज सिंह, एवं प्रांत सह संयोजक नेहा शर्मा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह उपस्थित हुए जिन्हें आयोजन समिति द्वारा आदरपूर्वक सम्मान के साथ अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक एवं हिंदू जागरण मंच के उत्तरझ्र पूर्व एवं पूर्व क्षेत्र संगठक डॉ. सुमन उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. सुमन ने समाज को जागृत, संगठित, सक्रिय एवं सुरक्षित बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज पुरानी नींव, नया निर्माण की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नई भूमिका निभाने की बात करते हुए हिंदू सनातन समाज से सहयोग की अपेक्षा की बात कही। वहीं राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने अपने संबोधन में बताया



कि आखिर हिंदू सनातन समाज को जागरूक होने की जरूर क्यों आन पड़ी है.? इन बिंदुओं पर अपने विचार रखे! उन्होंने कहा कि हम संविधान की बात करते हैं तो देखते हैं कि हम हिंदू समाज को संविधान से इतर अधिकार दिया जा रहा है जो अभेद भारत में विभेद पैदा करता है! कहा कि ऐसे अनेक कानून देश में बने हैं, जो हिंदू, मुस्लिम, सिख, और ईसाई समाज के लिए अलग अलग बने हुए हैं, ऐसा क्यों..? जबकि संविधान हमें एक समान अधिकार प्रदत करता है। इसलिए हमें अपने अधिकार के लिए जात-पात से ऊपर उठकर, संगठित होकर, अपने अधिकार के लिए, आवाज बुलंद करने के लिए, जागरूक होने की जरूरत है। कार्यक्रम में शामिल विकास भारती से सुधांशु अंकित, सौरभ यादव, डॉ. एसएन. मिश्रा, परमानंद मिश्रा, डॉ. गणपति, नाई समाज अध्यक्ष धीरज ठाकुर, डॉ. बीके. शर्मा, डॉ. शुभम कुमार, वासुदेव महतो, सिकंदर साहब, समाजसेवी कुशवाहा शिवचरण महतो, महादेव टंगरा मंदिर अध्यक्ष रमेश मेहता, महादेव टंगरा मंदिर के पूर्व अध्यक्ष रूपलाल महतो, राजेश कुमार, भरत शर्मा, कुंदन शर्मा, डी.एन. सिंह, रामप्यारे बाल आश्रम संस्थापक डीएन. सिंह, समेत कई लोगों ने सनातन समाज की जागरूकता पर अपने-अपने विचार रखे। उक्त कार्यक्रम में वीरेंद्र सिंह, शिव शंकर शर्मा, अशोक दुबे, मनोज तिवारी, राकेश पाठक, गजेंद्र सिंह, रविंद्र महतो, रजनीकांत सिंह, मनोहर राय, मिथिलेश दुबे, नवल पांडे, गायत्री देवी, पायल कुमारी देवी, सागर प्रसाद, रवि रंजन, रामप्यारे पाल, लवकुश शर्मा, प्रिंस दुबे, भीष्म नारायण सिंह, राजू पंडित, विनय कुमार शर्मा, विनय कुमार राय, धनंजय सिंह, संतोष सिंह, सहित सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे। जिन्होंने एक शुर में राष्ट्र के नवनिर्माण में अपना हाथ ऊपर उठाकर समर्थन दिया।

जिन्हें आयोजन समिति के द्वारा सनातन समाज के लिए सक्रिय कार्य करने वाले सदस्यों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया।

## घंटो गुल रही बिजली

**रांची:** राजधानी के कोकर अर्बन पावर सबस्टेशन से जुड़े सर्कुलर रोड और लालपुर इलाके में कई घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। दोपहर करीब दो बजे के करीब जब मूसलाधार बारिश के दौरान सर्कुलर रोड से आगे वर्द्धमान कंपाउंड में बिजली कट गयी। पहले लोगों ने सोचा कि फ्यूज ठीक करने के लिए नियमित शटडाउन लिया गया होगा, पर जब आधा घंटा से ज्यादा गुजरने के बाद भी बिजली नहीं आयी तो उपभोक्ताओं ने बिजली ऑफिस का फोन करना शुरू किया। लेकिन, बिजली आने का उसका इंतजार कई घंटे में तब्दील हो गया। ट्रांसफॉर्मर से कनेक्ट करने वाले मेन लाइन के बीच काली मंदिर रोड के पास पेड़ों की टहनियां टूट कर हाई वोल्टेज तार पर गिरने की वजह से फॉल्ट आ गया था। वहीं देवरानी अपार्टमेंट से आगे मोहल्लों को कनेक्ट करने वाले हाई वोल्टेज केबल का सर्किट ब्रेक कर गया। यह फॉल्ट इतना बड़ा नहीं था कि इसके लिए कई घंटे बिजली गुल रखा जाये, पर दिन के दो बजे के करीब जो बिजली गुल हुई वह शाम 6:22 मिनट पर ही जाकर किसी तरह से कुछ इलाकों में बहाल हो सकी।

## बीआईटी मेसरा में आयोजित नेशनल सिंपोजियम ऑन मैथेमेटिक्स फॉर इंडस्ट्रियल एडवांसमेंट का समापन

# मैट्रिक्स प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

मेट्रो रेज

**रांची:** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा के कैट हॉल में आयोजित नेशनल सिंपोजियम ऑन मैथेमेटिक्स फॉर इंडस्ट्रियल एडवांसमेंट (एनएसएमआईआईए 2025) का आज तीसरा एवं अंतिम दिन था।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 9 बजे बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान के वाइस चांसलर, प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना द्वारा आईएसआई, कोलकाता के प्रोफेसर , सुभोमय मैत्रा को सम्मानित करने के साथ हुआ। उन्होंने अपने प्रेरणादायक विचारों और जानकारीपूर्ण बातों से श्रोताओं का मन मोह लिया तथा क्वांटम कम्प्यूटिंग पर विस्तृत चर्चा की । क्लासिकल कम्प्यूटिंग के इतिहास से लेकर ट्यूरिंग और फाइनमैन तक, क्यूबिट्स की बारीकियां,रैखिक बीजगणित की अहमियत और नए एल्गोरिद्म की जरूरत तक। उ स ा के बाद प्रातः 10:15 बजे शिर्षा रे चौधरी, डायरेक्टर ऑफ



इंजीनियरिंग, टीआर लैब्स (थॉमसन रॉयटर्स) ने बताया कि आज की तेज रफ्तार वाली दुनिया में गणित क्यों पहले से भी ज्यादा जरूरी है। बातचीत के बीच-बीच में उन्होंने मजेदार क्विज कराकर माहौल को हल्का और इंटरेक्टिव बनाए रखा।

फिर 11:00 बजे डॉ। कमल दास, सीनियर रिसर्च साइंटिस्ट, टी। । टू डायरेक्टर, आईबीएम रिसर्च इंडिया एवं सीटीओ, आईबीएम इंडियाः डॉ। दास ने श्रोताओं को आईबीएम के वैश्विक शोध नेटवर्क से परिचित कराया। उन्होंने जियोस्पेशियल सैटेलाइट्स में आईबीएम के योगदान, इसरो के साथ मिलकर हो रहे काम, और अत्याधुनिक एसएआर। (सिंथेटिक एपर्चर राडार) तकनीक पर रोचक जानकारियां प्रदान कीं।

अगले वक्ता थे श्री अनुज, जी डीजी ग्रुप, रांची चेप्टरः इन्होंने माहौल तकनीकी उत्सुकता से भर दिया। श्री अनुज ने एलएलएम , ट्रांसफॉर्म , आरएजी और आरएन एन जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अहम कॉन्सेप्ट्स पर बात की और प्रतिभागियों को मिनी जीपटी मॉडल के साथ हाथों-हाथ सीखने का मौका दिया।

इसके बाद, बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा के छात्र मामलों के डीन, डॉ। भास्कर कर्ण द्वारा कार्यक्रम के प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मैट्रिक्स प्रतियोगिता के पांच प्रस्तुतिकरण हुए , जिसके विजेताओं को डीन सर ने पुरस्कृत किया।

## रिम्स के डायरेक्टर को व्हाट्सएप कॉल से मिली धमकी

**रांची :** रिम्स (रांची इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज) के डायरेक्टर डॉ. राजकुमार को व्हाट्सएप कॉल के जरिए धमकी मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। धमकी देने वाले ने खुद को चंदन कुमार बताते हुए कहा कि वह 15 दिनों के अंदर डॉ. राजकुमार को जूते से पीटकर रांची से बाहर कर देगा। इस मामले में डॉ. राजकुमार ने बरियातू थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी चंदन कुमार ने इससे पहले मई महीने में डॉ. राजकुमार से मुलाकात की थी और खुद को रांची के विनायक हॉस्पिटल का सीईओ बताया था। मुलाकात के दौरान उसने रिम्स में ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित कुछ मांगें रखी थीं। मांगें पूरी न होने पर उसने धमकी दी।

डॉ. राजकुमार ने बताया कि व्हाट्सएप कॉल के जरिए मिली धमकी के बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। बरियातू थाना पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब आरोपी की तलाश में जुट गई है और व्हाट्सएप कॉल के नंबर की जांच कर रही है।

# डिजिटल क्रिएटर्स और इनफ्लुएंसर सही मायने में डिजिटल सितारे हैंः प्रवीण सिंह

संवाददाता

**लातेहारः** आज जिले में पहली बार डिजिटल क्रिएटर के महाकुंभ का आयोजन किया गया ।

इसमें झारखंड के कई जिलों के यूट्यूबर्स, रील क्रिएटरस, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, ब्लॉगर जुटे । आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बालूमाथ निवासी प्रवीण कुमार सिंह, एसडीएम में बताया कि डिजिटल इनफ्लुएंसर क्रिएटर न सिर्फ कंटेंट क्रिएट करते हैं बल्कि ट्रेंड भी क्रिएट करते हैं।

उन्होंने बताया कि आज का दिन वास्तव में खास है, क्योंकि हम सभी यहाँ एक ऐसे मंच पर एकत्रित हुए हैं, जो नवाचार, रचनात्मकता और तकनीकी क्रांति का प्रतीक है।




आज का भारत एक डिजिटल भारत है – जहाँ सिर्फ बड़े-बड़े शहर नहीं, बल्कि गांव-गांव से युवा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी पहचान बना रहे हैं। और यह सब संभव हुआ है आप जैसे डिजिटल क्रिएटर्स की मेहनत और सोच से।

आप लोग सिर्फ कंटेंट नहीं बनाते – आप ट्रेंड बनाते हैं, जागरूकता फैलाते हैं, और कभी-कभी समाज को दिशा भी देते हैं। चाहे वो यूट्यूब हो, इंस्टाग्राम, फेसबुक या कोई भी डिजिटल प्लेटफॉर्म – आपकी आवाज लाखों लोगों तक पहुँचती है।

मुझे यह देखकर गर्व होता है कि आज के क्रिएटर्स केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं हैं। कई लोग एजुकेशन, हेल्थ, पर्यावरण, सामाजिक मुद्दों जैसे गंभीर विषयों पर भी बेहतरीन कंटेंट बना रहे हैं।

आप सभी डिजिटल युग के नए नेता हैं। आप कलम, कैमरा और कीबोर्ड से क्रांति ला रहे हैं। मैं आप सबको इस यात्रा में और आगे बढ़ते देखने की कामना करता हूँ। बदलाव लाने के लिए बड़े मंच की जरूरत नहीं होती – बस एक सच्ची सोच और डिजिटल दुनिया का सही उपयोग चाहिए। अंत में उन्होंने क्रिएटर्स के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई है कि आपका कंटेंट समाज के लिए प्रेरणा बने ।

इस कार्यक्रम से झारखंड के युवा क्रिएटर को नई पहचान और दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है मौके पर अतिथि के रूप में प्रवेश साहू लातेहार और पर्यटन विभाग से अभिजीत कुमार उपस्थित थे।

## मत्स्य उत्पादन में झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने की एनएफडीबी की सराहनीय पहल

# अब झारखंड में भी आंध्रप्रदेश की तर्ज पर होगा मछली पालन

*मत्स्य कृषकों का 14 सदस्यीय दल आंध्र-प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे के बाद रांची लौटा *रोजगार का एक सशक्त जरिया है मत्स्य पालनः डॉ एचएन द्विवेदी

मेट्रो रेज

**रांची:** अब झारखंड में भी आंध्र प्रदेश की तर्ज पर मछली पालन किया जाएगा। इस दिशा में नेशनल फिशरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनएफडीबी) ने पहल की है।

एनएफडीबी के सहयोग से गत सात से नौ अगस्त तक झारखंड के 14 सदस्यीय मत्स्य कृषकों का दल आंध्र प्रदेश के विभिन्न जिलों में दौरा कर मछली उत्पादन की आधुनिकतम तकनीकों से अवगत हुआ। झारखंड मत्स्य निदेशालय के अधिकारियों के मुताबिक राज्य को मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मत्स्य निदेशालय द्वारा निरंतर प्रयास जारी है। मत्स्य



विभाग द्वारा राज्य के मत्स्य कृषकों को केंद्र व राज्य संपोषित योजनाओं से आच्छादित कर लाभान्वित किया जा रहा है। अलग राज्य गठन के बाद झारखंड में मत्स्य उत्पादन का ग्राफ लगातार ऊपर बढ़ रहा है। मछली उत्पादन में झारखंड आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।

मत्स्य निदेशालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दिशा में नेशनल फिशरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनएफडीबी) का भी सहयोग मिलता रहा है।





विभागीय अधिकारियों ने बताया कि झारखंड सरकार के कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के दिशा-निर्देश के आलोक में एनएफडीबी, हैदराबाद के सहयोग से मत्स्य कृषकों को आंध्रप्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा कराया गया। मत्स्य कृषकों ने आंध्रप्रदेश के एलुरु, कैक्लूरू, भीमावरण, मछलीपट्टनम आदि जगहों का भ्रमण किया। मत्स्य कृषक इससे काफी उत्साहित हुए तथा आन्ध्र प्रदेश की तर्ज पर झारखंड में भी तालाबों में मछली पालन करने का संकल्प लिया। आंध्रप्रदेश के एलुरु के सहायक मत्स्य निदेशक बी। राजकुमार के सहयोग से मत्स्य कृषकों को आन्ध्र प्रदेश के विभिन्न जगह का भ्रमण कराया गया। मत्स्य कृषकों के आंध्र प्रदेश से लौटकर रांची वापस आने पर मत्स्य निदेशालय द्वारा स्वागत किया गया।

निदेशक मत्स्य डॉ एचएन द्विवेदी ने कहा कि एनएफडीबी के सहयोग से अंतरराज्यीय भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन मत्स्य कृषकों के लिए काफी सहायक होता है। मछली उत्पादन में देश के अन्य अग्रणी राज्यों के भ्रमण से वहां के मत्स्य कृषकों के अनुभवों का लाभ झारखंड के मत्स्य पालकों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा।

# पुलिस से धक्का-मुक्की और धमकी मामले में नौ पर प्राथमिकी

संवाददाता

**रांची:** धुर्वा पुलिस की टीम के साथ धक्का-मुक्की करने, गाड़ी में आग लगाने की धमकी देने और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने को लेकर बिट्टू मिश्रा सहित नौ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। यह प्राथमिकी एएसआई शंकर मंडल ने धुर्वा थाना में दर्ज करायी है। उन्होंने बताया कि नौ अगस्त की शाम 7.35 बजे सूचना मिली कि टंकी साइड के पास मारपीट हो रही है। इसके बाद वे दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। देखा कि मारपीट हो रही थी और लोग आपस में गाली-गलौज कर रहे थे। इसमें धुर्वा थाना कांड संख्या 101/25 का आरोपी बिट्टू मिश्रा मौजूद था। इसके अलावा प्रमोद कुमार मिश्रा उर्फ सोनू, पुष्पा मिश्रा, अजय कुमार मिश्रा समेत 20-25 अन्य लोग थे।



दूसरे पक्ष से प्रभात कुमार झा, राजीव झा, गोविंद झा और भोला झा तथा अज्ञात 5-10 लोग शामिल थे। पुलिस पदाधिकारी और बल ने समझाने की कोशिश की, लेकिन दोनों पक्ष उग्र होते गये। इस दौरान बिट्टू मिश्रा पक्ष के लोगों ने पुलिस से धक्का-मुक्की की और सरकारी गाड़ी को जलाने की धमकी दी। भीड़ को उकसाया गया। विधि व्यवस्था बिगड़ने की आशंका पर अतिरिक्त बल बुलाया गया। तब जाकर मामला शांत हुआ।

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.**

# अमेरिकी टैरिफ को निष्फल करने के दो ही उपाय

पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तन अभियान में स्व और स्वदेशी पर जोर, फिर एक बार देशभर में स्वदेशी जागरण मंच का पुनः तेज गति से सक्रिय होना, उसके बाद स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वदेशी पर बोलना और देश की जनता से आान करना कि भारत को सशक्त बनाने के लिए स्वदेशी को जीवन में अपनाएं, इसके बाद केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का यह कहना कि सबसे बड़ी राष्ट्रभक्ति यह है कि हम इम्पोर्ट को कम करें और एक्सपोर्ट को बढ़ाएं। विश्वगुरु बनने के लिए यह जरूरी है। और इस सब के बीच वैश्विक आर्थकि मोर्चे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 50% टैरिफ लगाने का एलान करना, जिसके बाद से लगातार भारतीय शेयर मार्केट एवं रुपए के सामने चुनौतियों का अंबार लगा हुआ दिखाई देता है। इन सभी परिदृश्यों से यही समझ आता है कि आप कमजोर राष्ट्र के रूप में रहेंगे तब तक आपको कोई अंतरराष्ट्रीय चुनौती नहीं। आप दूसरों के लिए एक बाजार के रूप में इस्तेमाल होते रहेंगे और आपके संसाधनों पर दूसरे देशों का प्रभुत्व एवं नीति निर्माण में दूसरे देशों का हस्तक्षेप रहेगा। खासकर उन देशों का जो दुनिया में अपना वर्चस्व चाहते हैं, किंतु जैसे ही आप मजबूत स्थिति में आएंगे आपको चुनौती मिलना शुरू हो जाएंगी। तब क्या कमजोर बना रहना चाहिए क्या दुनिया के ताकतवर देशों की दया पर निर्भर रहना चाहिए निश्चित ही एक स्वाभिमानी 'मनुष्य' की तरह ही एक 'राष्ट्र' का भी उत्तर यही आएगा कि बिल्कुल नहीं। सशक्त और सामर्थ्यवान होना प्रत्येक मनुष्य और राष्ट्र की आवश्यकता है। जिसमें कि कोई भी राष्ट्र चरणबद्ध तरीके से सबलता की ओर आगे बढ़ता है, पहले व्यक्ति, फिर परिवार, समाज और उसके बाद किसी भी राष्ट्र का शक्ति सम्पन्न होने का समय आता है। अब दुनिया के देशों के बीच भारत अपनी तुलना करें और देखे कि वह कहां हैं स्वभाविक है कि विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते ही सबसे अधिक उसके सामने परेशानी खड़ी करने का प्रयास उस देश की तरफ से हो रहा है जोकि विश्व के आर्थकि आंकड़ों में नंबर एक पर (अमेरिका) बैठा है। भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था जल्द बनने जा रहा है, यह भी आंकड़े आ रहे हैं और तभी यह अमेरिका अचानक से 50 प्रतिशत का टैरिफ बम भारत पर छोड़ देता है और उसके बाद की सभी स्थितियां सामने हैं हीं। भारत का रुपया, शेयर मार्केट सभी पर इसका भयंकर नकारात्मक असर दिख रहा है। विश्व की जितनी भी आर्थिक विश्लेषक एजेंसियां है, उनका कहना है कि अमेरिका के द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ बढ़ाने का प्रभाव भारत के लिए एक बड़ा संकट लेकर आने जैसा है। क्योंकि भारत का निर्यात जोखिम $30झ35 बिलियन का हो गया है। जीडीपी पर असर 0.2% से लेकर 0.8% (विभिन्न अनुमान) के अनुसार सामने दिखाई दे रहा है। निर्यात कटौती लगभग $8.1 बिलियन की अनुमानित है। ज्वेलरी और टेक्सटाइल्स व्यापार पर 6,000 करोड़ से भी ऊपर का जोखिम मंडरा रहा है और जीडीपी ग्रोथ में 25झ80 बेसिस प्वाइंट तक गिर जाने का अनुमान है। क्योंकि अमेरिकी 50% टैरिफ की घोषणा के बाद, बीएसई सेंसेक्स लगभग 765 अंक (लगभग 0.95%) और निफ्टी 50 लगभग 233 अंक (लगभग 0.95%) टूटे। यह गिरावट सितम्बर-मई के बाद तीन महीने की सबसे बड़ी थी। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 4,997 करोड़ ($571 मिलियन) नगद निकाला। यह केवल एक दिन का आंकड़ा है, अगले दिनों बिक्री जारी रही। आर्थिक रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ प्रमुख कॉर्पोरेट शेयरों के मूल्य में 24,000 करोड़ तक का मूल्य घटा। यदि हम सेंसेक्स की 765-इंनट अंक की गिरावट को बाजार पूंजीकरण के संदर्भ में देखें, तो यह गिरावट ट्रिलियन्स (लाखों करोड़ों रुपये) के स्तर पर हो सकती है। हालांकि, सटीक राशि का आकलन बीएसई और एनएसई और संबंधित कंपनियों की कुल बाजार पूंजीकरण से गणना करने पर निर्भर होगा। लेकिन निम्नलिखित दो प्रमुख निष्कर्ष सामने आते हैं, रीअल-टाइम नुकसान- 24,000 करोड़ (एक्सपोर्ट स्पेसिफिक सेक्टर्स) और निवेश बहिर्वाह- 4,997 करोड़ विदेशी संस्थागत निवेशक (एक दिन में एफआईआई निकासी)। आज के संदर्भ में यह एक आंकड़ा है; अगस्त माह की शुरूआत से अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय इक्विटीज से लगभग 18,000 करोड़ की निकासी की है। जुलाई में वैश्विक निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से $2 बिलियन निकाले और अगस्त की शुरूआत में यह आंकड़ा $900 मिलियन तक पहुँच गया है। कुल तथ्य यह है कि टैरिफ की घोषणा के बाद भारत के शेयर बाजार ने केवल अंक-आधारित गिरावट नहीं देखी, बल्कि इस दौरान बहुत अधिक ही एफआईआई बहिर्वाह हुआ। अब प्रश्न यह है कि अमेरिका इतना सब कुछ करने में सफल कैसे हो रहा है डोनाल्ड ट्रंप ने बोला कि वह 50 प्रतिशत टैरिफ भारत पर लगा रहे हैं और उनके ये कहते ही भारत पर इसका असर होना शुरू हो गया। निवेशकों का भरोसा टूटने लगा तथा रुपया कमजोर होने लगा देखा जाए तो इसका एक ही उत्तर है, डॉलर में वैश्विक व्यापार का होना। स्वभाविक है इतना भारी भरकम टैरिफ लगाने से भारतीय वस्तुएं महंगी हो जाएंगी, इसलिए जहां व्यापार डॉलर में करना है तो वहीं अपना धन लगाया जाए, यहां से इस डॉलर की शुरूआत है और अब दुनिया में जो भी भारत से निवेशक बाहर जा रहे हैं, उनमें ज्यादातर अमेरिका में निवेश कर रहे हैं। इसलिए आज की सबसे बड़ी आवश्यकता डॉलर को चुनौती देने की है। वर्तमान में अमेरिका की अर्थव्यवस्था अब भी दुनिया की सबसे बड़ी और स्थिर अर्थव्यवस्था मानी जाती है, क्योंकि डॉलर का वैश्विक मुद्रा भंडार में हिस्सा करीब 58% है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में इसका उपयोग 80% से ज्यादा लेनदेन में होता है, और यही डॉलर का प्रभुत्व अमेरिका को अपार भू-राजनीतिक और आर्थिक शक्ति देता है। अमेरिका आर्थिक प्रतिबंधों के जरिये अपने विरोधी देशों की अर्थव्यवस्था को समय-समय पर कमजोर करता रहा है रूस, ईरान, वेनेजुएला, क्यूबा जैसे देशों पर लगाए गए प्रतिबंध इसी का उदाहरण हैं। निश्चित ही यह शक्ति डॉलर आधारित वैश्विक वित्तीय व्यवस्था से आती है, जिसमें अमेरिका की मंजूरी के बिना बड़े लेनदेन कर पाना लगभग असंभव हो जाता है। तब फिर भारत के सामने अमेरिका से अचानक आई इस विपदा का सामना करने के दो ही उपाय बचते हैं, पहला- स्वदेशी और दूसरा- अपने रुपए में अन्य देशों के साथ सीधे व्यापार करना। साथ ही ऐसा करने के लिए परस्पर अन्य देशों को भी तैयार करना। स्वभाविक है कि अमेरिकन डॉलर का वर्चस्व विश्व के आर्थिक जगत से कम होगा, तो जो उथल-पुथल मची है, जिसमें कि मुख्य गिरावट भारतीय मार्केट में देखने को मिली, वह इतने बड़े स्तर पर भविष्य में होने से रोकी जा सकती है। हालांकि हाल के वर्षों में ब्रिक्स देशों ने डॉलर के विकल्प तलाशने के लिए ठोस पहल की है। रूस और चीन अपने द्विपक्षीय व्यापार में स्थानीय मुद्राओं का इस्तेमाल बढ़ा रहे हैं। भारत ने भी रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए रुपये-रूबल लेनदेन की व्यवस्था अपनाई है। सऊदी अरब और चीन के बीच तेल व्यापार में युआन के इस्तेमाल की चचाएं तेज हैं। ईरान और रूस ने अपने बैंकिंग सिस्टम को अमेरिकी स्विफ्ट नेटवर्क से अलग कर वैकल्पिक पेमेंट सिस्टम शुरू किए हैं। इन कदमों का मकसद यही है कि व्यापारिक और वित्तीय लेनदेन के लिए डॉलर पर निर्भरता घटाई जाए। यहां भारत को रूस की तरह अन्य देशों के साथ रुपए में व्यापार करने के लिए उस देश को मनाने की दिशा में अब तेज गति से आगे बढ़ने की जरूरत इसलिए भी है, क्योंकि इससे वह अपनी आर्थिक संप्रभुता को मजबूत करेगा, जोकि आज की आवश्यकता है। रुपये को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य बनाना, विदेशी व्यापार में इसका इस्तेमाल बढ़ाने से ही भारत की वैश्विक स्थिति मजबूत होगी।

# स्वाधीनता की गौरव-गाथाः अग्निकन्या पार्वती गिरि ने जब ब्रिटिश कोर्ट पर किया कब्जा

> पार्वती गिरि का जन्म 19 जनवरी, 1926 को धनंजय गिरि के घर सम्लेईपदर गांव में हुआ था। गिरि ने चौदह वर्ष की आयु से ही स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेना शुरू कर दिया था। उतनी कम उम्र में स्वतंत्रता संग्राम और रचनात्मक कार्यों का प्रशिक्षण लेने हेतु पुण्यपीठ वरी आश्रम में योगदान देने लगी। वरी आश्रम से संबलपुर जेल। वहां से रिहा होने के बाद पार्वती गिरि महाराष्ट्र के वर्धा में महात्मा गांधी द्वारा परिकल्पित आश्रम सेवाग्राम पहुंचीं। पार्वतीगिरि को उनके दृढ़ संकल्प, त्याग, कड़ी मेहनत और अथक परिश्रम और सेवाभाव के कारण सभी प्यार करते थे।

प्रो. सुजीत पृसेठ

सन 1942 की बात है। सम्लेईपदर गाँव की एक 14 वर्षीय लड़की अपने जिद्दी स्वभाव के कारण 'बाएरी' (बाऊरी) के नाम से जानी जाती थी। सम्लेईपदर तत्कालीन संबलपुर और अधुना बरगढ़ जिले में बीजेपुर के पास एक गांव था। अपनी मातृभूमि को आजाद देखने के लिए किशोरी 'बाएरी ' का मन तड़प रहा था। उस समय महात्मा गांधी के 'भारत छोड़ो' आंदोलन का नारा उनके कानों तक पहुँच गया।

मन में अदम्य साहस और हृदय में भारत को स्वतंत्र देखने की इच्छा लिए वह गांव के पास स्थित कस्बे बरगढ़ चली गई। पश्चिम ओड़िशा के बरगढ़ में एक तरफ जीरा नदी बारिश के पानी से उफान पर थी। उसकी परवाह किए बिना ही वह उफनती जीरा नदी को पार करते हुए बरगढ़ शहर के एसडीओ कार्यालय में पहुंची। ब्रिटिश शासन काल में एसडीओ के कार्यालय में हर समय नौकरी पाने वालों की भीड़ लगी रहती थी। भीड़ को चीरते हुए वह एसडीओ बी मुखर्जी के सरकारी कार्यालय में पहुंची। 'बाएरी' ने एसडीओ की सरकारी कुर्सी पर कब्जा करके सरकारी कार्यालय से बेदखल कर दिया। अपना परिचय देते हुए कहा, 'मैं महात्मा गांधी की सैनिक हूँ'।' उसके बाद 'बाएरी' ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को एसडीओ को बांधकर लाने का निर्देश दिया। उस दिन पार्वती गिरि की 'बाएरी' की विशिष्ट पहचान ह्यअग्निकन्याह्न के रूप में बनी।

पार्वती गिरि का जन्म 19 जनवरी, 1926 को धनंजय गिरि के घर सम्लेईपदर गांव में हुआ था। गिरि ने चौदह वर्ष की आयु से ही स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेना शुरू कर दिया था। उतनी कम उम्र में स्वतंत्रता संग्राम और रचनात्मक कार्यों का प्रशिक्षण लेने हेतु पुण्यपीठ वरी आश्रम में योगदान देने लगी। वरी आश्रम से संबलपुर जेल। वहां से रिहा होने के बाद पार्वती गिरि महाराष्ट्र के वर्धा में महात्मा गांधी द्वारा परिकल्पित आश्रम सेवाग्राम पहुंचीं। पार्वतीगिरि को उनके दृढ़ संकल्प, त्याग, कड़ी मेहनत और अथक परिश्रम और सेवाभाव के कारण सभी प्यार करते थे। उन्होंने सेवाग्राम में सेवा और रचनात्मक कार्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया। सन 1949 में डॉ. हरेकृष्ण महताब से प्रेरणा पाकर उच्च शिक्षा हेतु प्रयाग महिला विद्यापीठ में भर्ती हुई। वहाँ उन्हें हिन्दी साहित्य की अनुपम कवयित्री महादेवी वर्मा का सान्निध्य लाभ हुआ। पार्वतीगिरि के सेवाभाव, अथक और दृढ़ परिश्रम और असीम साहस ने कवि महादेवी वर्मा को बहुत प्रभावित किया। कालांतर में देश की आजादी के बाद पार्वतीगिरि ने गोपबंधु चौधरी और रमादेवी की सलाह पर असहायों की मदद और सेवा को अपने जीवन में व्रत के रूप में स्वीकार कर लिया। सम्लेईपदर से आरंभ कर पार्वतीगिरि ने ओडिशा और महाराष्ट्र के कई हिस्सों का दौरा किया। उन्होंने गरीबी के कहर को बहुत करीब से देखा। गरीबी से त्रस्त छोटे बच्चों, असहाय महिलाओं के दयनीय जीवन से वह परिचित हुई। ममतामयी पार्वतीगिरि का दिल अनाथ नन्हें बच्चों, असहाय महिलाओं की आंखों में आंसू देखकर कराह उठता था। उनकी सहायता के लिए उन्होंने आश्रम की स्थापना करने का निर्णय लिया। श्री नृसिंहनाथ के निकट अपने हाथों से जंगली झाड़ी साफ कर पाइकमाल में कस्तूरबा गांधी मातृ निकेतन की स्थापना कर अनाथ बच्चों और असहाय महिलाओं के लिए आशा और विश्वास की प्रतीक बनीं। सम्लेईपदर की 'बाएरी' अपने अंतर्मन की चेतना की प्रेरणा से रूपांतरित हो गई करुणामयी 'बड़ी माँ' के रूप में। महात्मा गांधी की बहादुर सैनिक पार्वती गिरि देखभाल करने वाली माँ के रूप में असहाय महिलाओं और बच्चों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने लगी।

इससे पहले 1954-55 की एक घटना पार्वतीगिरि की निस्वार्थ सेवा और बलिदान की ज्वलंत उदाहरण प्रस्तुत करती है। उस समय पार्वतीगिरि बारपाली परियोजनाओं में सेवाएं प्रदान कर रही थीं। एक मेघाच्छादित शाम में पार्वतीगिरि को खबर मिली कि एक मफसली गाँव में एक महिला को प्रसव के लिए मदद और दवा की जरूरत है। आसमान में गहने काले बादलों की घड़घड़ाहट के साथ बहुत जोर बिजली चमक रही थी। जल्द से जल्द मदद पहुंचाने की जरूरत थी। जंगल के रास्ते से तेज बारिश के भीतर वह मफसली बंदपाली गांव पहुंच गई। छोटी-सी झोंपड़ी के अंदर रस्सी वाले खाट पर प्रसूता महिला बिस्तर पर लेटी थी। चेहरे पर पसीना और विवशता के भाव थे। पास में एक ढिबरी जल रही थी। जिसकी मंद रोशनी में पार्वती गिरि ने कुटिया में चारों तरफ देखा। घर में बच्चे के प्रसव के लिए आवश्यक चीजें तो दूर की बात कपड़े का एक टुकड़ा भी नजर नहीं आया। पार्वती गिरि ने तुरंत अपनी पतली बुनी हुई खादी साड़ी को दो टुकड़ों में फाड़ दिया। फाड़ी हुई साड़ी से प्रसव करवाया और फिर पार्वती ने नव जननी के नवजात बच्चे को उसमें लपेटकर अपने बसेरे में लौट आयीं। निस्वार्थ भाव से परोपकार का व्रत धारण करने वाली पार्वती गिरि के प्रति नवजननी की आंखों से कृतज्ञतावश आंसू छलक पड़े। प्रकृति कवि गंगाधर मेहर की भाषा में: परोपकार पुण्यमय व्रत, पालते हैं महतजन उर्वी दिवाकर परोपकारार्थ, देते हैं शस्य किरण

झोंपड़ी के बाहर अंधेरा,चमकती बिजली,बारिश की बड़ी-बड़ी बूंदें। फटी साड़ी को संभालते हुए बहुत कष्ट से वह अपने बसेरे में लौटी। बारिश में भीगकर अंधेरे में लौटने वाली करुणामयी पार्वती गिरि का चेहरा दीप्तिमान था।

**(लेखक, आईआईएम-संबलपुर से जुड़े हैं, उनके इस आलेख का अनुवाद दिनेश कुमार मालीं ने किया है।)**

# नशे के खिलाफ एक मजबूत सामाजिक और राष्ट्रीय मुहिम की जरूरत

> नशे के खिलाफ मुहिम को एक युद्ध की भांति लेना होगा और एकजुट होकर समाज के हर व्यक्ति को जागरूक होकर रोकना होगा तभी इस युद्ध में हम विजय प्राप्त कर सकते हैं। सामाजिक सरोकार से ही नशा मुक्त समाज की परिकल्पना पूरी करके राष्ट्र की युवा शक्ति को देश के विकास एवं आविष्कारों के माध्यम से उत्कृष्ट स्थान तक पहुंचाने का लक्ष्य पूरा हो सकेगा तभी इस युद्ध पर विजय प्राप्त करके विश्व गुरु का स्वप्न साकार हो पाएगा।

(मेजर) डॉ. मीनू मेहरोत्रा

नशे के विरुद्ध एक सामाजिक युद्ध जरुरी है। यह नशा रुपी कलंक पूरे समाज और राष्ट्र के लिए खतरा बना हुआ है। नशे का यह विनाशक तत्व किस तरह से हमारी सामाजिक जड़ों तक पहुंच रहा है, उसकी कुछ बानगी देखिये- हाल ही में एक पिता नशे की हालत में अपने आठ साल के बच्चें की छाती पर बैठ गया और इतना टार्चर किया कि बच्चे का दम निकल गया। -मेरठ में मुस्कान ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की बर्बरता से हत्या कर दी, पता चला कि दोनों ने हत्याकांड को अंजाम देने से पहले नशे का सेवन किया था। उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर में भाई ने दूसरे भाई को आटा चुराने के कारण जान से मार दिया, हत्यारा भाई शराब के नशे का आदी था।?

-अमरोहा में शराब के नशे में एक युवक ने पत्थर से मार-मार कर छोटे भाई की जान ले ली।

देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसी घटनाएं रोज घटित हो रही है। तब अहसास होता है कि आजादी के 77 वर्ष पूरे होने की बाद आज जिस विकसित राष्ट्र की संकल्पना को लेकर इस देश का युवा जिसको देश के स्वर्णिम कल का वह प्रहरी माना जा रहा है जिसके बूते भारत विश्व गुरु बनने का सपना पूरा करेगा और यह सच भी है कि विश्व गुरु बनाने में युवाओं का ही विशेष महत्व और भूमिका है। किंतु आज देश का युवा नशे की गिरफ्त में चला जा रहा है और समाज इसकी चिंता करने के बजाय लगातार इसकी अनदेखी कर रहा है।

एक समय था कि जब पड़ोसी को भी यह चिंता रहती थी कि हमारे पड़ोसी का बालक किसी गलत संगत में ना पड़ जाए किंतु जबसे मानवीय व्यवहार में परिवर्तन आया और लोग केवल हम और हमारे दो की भावना और स्वार्थ में डूब गए। तब से ऐसा ग्राफ गिरा है कि आज पूरा समाज ऐसी अवधारणा का शिकार है जहां केवल अपने व्यक्तिगत स्वार्थ और अति अवसरवादी सोच से पीड़ित है जो कि पूरे राष्ट्र को बीमारू बना देगी। आज यदि आंकड़ों के दृष्टिकोण से बात की जाए तो अलग-अलग प्रदेशों में नशे की चंगुल में उत्तर प्रदेश में 5.60 करोड़, महाराष्ट्र में 2.06 करोड़, बंगाल में 1.44 करोड़, पंजाब में 1.40 करोड़, मध्य प्रदेश में 1.32 करोड़, तमिलनाडु में 98 लाख, हरियाणा में 91 लाख, छत्तीसगढ़ में 97.20 लाख, उड़ीसा में 86 लाख, आंध्र प्रदेश में भी 86 लाख युवा किसी न किसी प्रकार के नशे के चंगुल में फंस कर जीवन बर्बाद कर चुके हैं। सवाल यह है कि यह इस स्तर तक कैसे पनप रहा है। नशा न केवल स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या वरन एक ऐसी राष्ट्रीय समस्या है जिसका निवारण करने हेतु हर उस व्यक्ति को आगे आना होगा। जो स्वयं को इस देश का नागरिक समझता है उसको अपनी प्राथमिकता में इसका निवारक सदस्य बनना होगा। हजारों लोग नशे की लत के कारण, न मिल पाने की स्थिति में आत्महत्या से लेकर परिजनों की हत्या तक कर चुके है। नशे के पैसे ना मिलने पर आत्महत्या जैसे मामलों की बड़ी संख्या है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 2021 में 75000 से अधिक मामले दर्ज किये। हर साल 9000 लोग नशे के कारण आत्महत्या करते हैं। पंजाब, हरियाणा जैसे राज्य में हर वर्ष 15 प्रतिशत वृद्धि हो रही है समस्या की गंभीरता को देखते हुए देश के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसका संज्ञान लेते हुए हर स्तर की बैठक लेते हुए इसकी उपलब्धता को समाप्त करने के लिए देश के अंदर और बाहरी सीमाओं की नाकेबंदी और कठोर नियम बनाने के कड़े निर्देश दिए हैं।

नशा केवल एक व्यक्ति या परिवार की समस्या नहीं यह पूरे समाज और राष्ट्र के लिए खतरा है। नशे की समस्या से निपटने के लिए केवल कानून लागू करना है पर्याप्त नहीं है इसे रोकने के लिए एक ऐसे जागरूकता अभियान की, पारिवारिक सहयोग, युवाओं से संवाद, स्कूल एवं कॉलेज में अध्यापकों को प्रहरी की भूमिका निभाते हुए आगे आना होगा। यह इसलिए भी जरूरी है कि आज देश के अंदर ही नहीं देश की बाहरी ताकतें हमारे इस युवा राष्ट्र को उसकी ऊर्जा को खत्म करने का ऐसा षड्यंत्र रच रही है जिससे राष्ट्रीय जो कि वैश्विक स्तर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, उसे रोकने की कोशिश कर रही हैं।

नशे के खिलाफ मुहिम को एक युद्ध की भांति लेना होगा और एकजुट होकर समाज के हर व्यक्ति को जागरूक होकर रोकना होगा तभी इस युद्ध में हम विजय प्राप्त कर सकते हैं। सामाजिक सरोकार से ही नशा मुक्त समाज की परिकल्पना पूरी करके राष्ट्र की युवा शक्ति को देश के विकास एवं आविष्कारों के माध्यम से उत्कृष्ट स्थान तक पहुंचाने का लक्ष्य पूरा हो सकेगा तभी इस युद्ध पर विजय प्राप्त करके विश्व गुरु का स्वप्न साकार हो पाएगा।

**(लेखिका मुरादाबाद के हिंदू कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग की प्राध्यापिका हैं।)**

# ईश्वर तो हर कण में हैं, फिर तीर्थ यात्रा करना क्यों है जरूरी

कहते हैं ईश्वर तो सर्वत्र है, वो कण-कण में व्याप्त है। उन्हें तलाशने के लिए कहीं जाने की आवश्यकता नहीं होती। ऐसे में मन में सवाल आता है कि अगर ईश्वर हर जगह है, तो लोग ईश्वर को तलाशने तीर्थ स्थानों पर क्यों जाते हैं? क्या तीर्थ स्थानों पर जाना केवल मन की संतुष्टि है या फिर वहाँ जाने से अन्य कोई लाभ मिलता है?

वेदों और पुराणों में बार-बार कहा गया है कि ईश्वर संपूर्ण जगत में व्याप्त है, हर व्यक्ति और वस्तु में मौजूद है। लेकिन इसके बावजूद कई धार्मिक शास्त्रों में तीर्थ स्थानों की भी महानता बताई गयी है और इस कान प्राचीन समय से भारत में तीर्थ यात्रा की परम्परा रही है। ऐसे में लोगों के मन में यह जिज्ञासा होना स्वाभाविक है कि अगर ईश्वर को कहीं भी महसूस किया जा सकता है, तो क्या तीर्थ स्थलों का भ्रमण व्यर्थ है या फिर यह सिर्फ एक धार्मिक मान्यता है। प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज से एक भक्त ने जब यही सवाल किया, तो प्रेमानंद महाराज ने उस भक्त को समझाते हुए कहा कि 'यदि आप मेहंदी के पेड़ को चीरे तो उसमें लालिमा नहीं होती, लेकिन जब उसे पीसकर मेहंदी बनायी जाती है, तभी उसका रंग सामने आता है। ठीक उसी प्रकार तीर्थ स्थल भी पवित्र ऊर्जा-केंद्र होते हैं, जहाँ श्रद्धा व नियमानुसार पूजन करने पर ही दिव्यता का अनुभव होता है'। महाराज जी का मानना है कि तीर्थ स्थल पर जाने से अनजाने में हुए पाप भी नष्ट हो जाते हैं। यह यात्रा मन, मस्तिष्क और आत्मा की शुद्धि हेतु होती है, जिससे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह सुनिश्चित होता है'। प्रेमानंद महाराज तीर्थयात्रा को पर्यटन नहीं मानते, बल्कि उन्हें यह एक आत्मिक प्रवास और साधना का माध्यम माना है। उनके अनुसार, यात्रा के दौरान नाम स्मरण, तुलसी प्रार्थना और साधु सेवा मूल उद्देश्य होते हैं। महाराज ने पितृ पक्ष में तीर्थ यात्रा को प्रेरणादायक और पापमोचक बताया है। इस अवधि में गंगा स्नान, मंदिर में विधिपूर्वक प्रार्थना करना शुभ है, विशेषकर पूर्वजों की तृप्ति और मुक्ति हेतु। प्रेमानंद महाराज ने तीर्थ स्थानों की यात्रा का जो उद्देश्य बताया है, उसके अलावा और क्या कारण हो सकते हैं, चलिए जानते हैं...तीर्थ स्थान की यात्रा का महत्व

**1. ऊर्जात्मक स्थल**

तीर्थ स्थान ऊर्जा-आधारित स्थल होते हैं, यानि ये ऊर्जा के उच्च केंद्र माने जाते हैं। इन धार्मिक स्थलों पर आपको वो वाईब और वातावरण मिलता है, जो साधक की चेतना को उच्चतर स्तर पर ले जा सकते हैं। जब हम घर या समाज के बीच होते हैं, तब हमारे मन में अनेक जिम्मेदारियाँ, विचार और विकर्षण होते हैं। तीर्थ में जाने से मन एक दिशा में केंद्रित होता है और वो है ईश्वर की ओर जाना।

**2. भाव और समर्पण**

तीर्थयात्रा करना एक तपस्या के समान है, जिसमें शरीर को कष्ट देकर यात्रा की जाती है। इस दौरान आप शुद्ध भावों से परिपूर्ण रहते हैं और आपका एक ही उद्देश्य रहता है कि आपको ईश्वर के करीब पहुंचना है। आध्यात्मिक गुरु ओशो के अनुसार, 'ईश्वर सब जगह है, लेकिन तीर्थ एक ऐसे केन्द्र हैं जहाँ मन की स्थिरता को दिशा मिलती है। वहाँ जाना स्वयं को ईश्वर के अधिक समीप अनुभव करना है'।

## सेहत

# धीरे-धीरे कम हो रहा है वजन तो इस तरह रखें खुद को मोटिवेटिड

जब हम अपनी वेट लॉस जर्नी शुरू करते हैं तो खुद में एक बड़ा बदलाव देखने की उम्मीद करते हैं। इसके लिए हम कड़ी मेहनत भी करते हैं। लेकिन जरूरी नहीं है कि हर बार आपको मनचाहे रिजल्ट ही मिले। चूंकि हर किसी का शरीर अलग होता है, इसलिए वह अलग तरह से प्रतिक्रिया भी करता है। हो सकता है कि आप अपनी डाइट व एक्सरसाइज का पूरा ध्यान रख रहे हों, लेकिन फिर भी आपका वजन बहुत धीरे-धीरे कम हो रहा हो। जब किसी के साथ लगातार ऐसा होता है तो व्यक्ति काफी निराश हो जाता है और वह अपनी जर्नी बीच में ही छोड़ देता है। हो सकता है कि आप भी स्केल पर कुछ बदलाव ना देखकर खुद को डिमोटिवेटिड फील कर रहे हों। हालांकि, आपको परेशान या निराश होने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। आज इस लेख में हम आपको ऐसे कुछ आसान तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिसकी मदद से आप हरदम खुद को मोटिवेटिड फील कर सकते हैं-

**बनाएं रियलिस्टिक गोल्स**

लोगों के निराश होने के पीछे अक्सर सबसे बड़ी वजह उनके गोल्स ही होते हैं। लोग कम समय में बहुत कुछ पाना चाहते हैं और इसलिए रियलिस्टिक गोल्स नहीं बनाते हैं। हो सकता है कि आपने दो महीने में दस किलो कम करने का टारगेट बनाया हो। हालांकि, ऐसा करके आप खुद को ही पनिशमेंट दे रहे होते हैं। ध्यान रखें कि जो वजन धीरे-धीरे कम होता है, वो लंबे समय तक टिकता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## जिले के सभी स्कूलों को चार दिनों के लिए बंद किया जाए : अमित

**साहिबगंज :** भाजपा नेता अमित सिंह ने नगर परिषद क्षेत्र और प्रखंड क्षेत्र में भीषण बाढ़ की स्थिति को देखते हुए साहिबगंज उपायुक्त हेमंत सती से आग्रह है कि सभी स्कूल को कम से कम 4 दिन के लिए बंद कर दिया जाए।उन्होंने कहा कि बाढ़ ग्रसित वार्डो और पंचायतों में आवश्यक सामग्री को जल्द से जल्द पहुँचा दिया जाए।श्री सिंह ने कहा कि वार्ड नंबर 7 पूर्ण रूप से बाढ़ से ग्रसित है और 3-4 वार्ड में बाढ़ की स्थिति कभी भी आ सकती है।कई स्कूल तो बाढ़ मे डूब चुके है और कई स्कूलों में कभी भी बाढ़ का आ सकता है।उन्होंने कहा कि इसी में अगर बारिश हो गया, तो साहिबगंज में त्राहिमाम मच जाएगा।

## श्रमिकों को एकजुट किए बिना समाज का विकास संभव नहीं है : राकेश रंजन

**साहिबगंज :** झारखंड मजदूर संघ प्रजा०के जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता मे दुमका जिला के सरैयाहाट प्रखंड के अंतर्गत कुमार चक्र आंगनबाड़ी केंद्र में संगठन मजबूती को लेकर बैठक हुई।इस बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव व केंद्र उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी मुख्य रूप से उपस्थिति में थे। जहाँ दोनों के देख रेख मे जिला कमेटीके कार्यों की समीक्षा के दौरान पाया गया की पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नए जिला अध्यक्ष के रूप में राकेश रंजन को मनोनीत किया गया।इस दौरान सभी सदस्यों ने नये जिला अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया।वही झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि श्रमिकों को एकजुट किए बिना समाज का विकास संभव नहीं है। क्षेत्र मे बेरोजगारी पलायन बड़ी समस्या है। समस्याओं को दूर करने के लिए झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक को आगे आकर लड़ाई लड़नी होंगी.मौके पर संघ के अरविंद,जीवन राय,हंस कुमार विकास कुमार,भावेश कुमार,शारदा देवी,संगीता देवी,मंती देवी,शर्मिला देवी,रितु कुमारी,बुलबुल कुमारी,शीला देवी,कौशल्या कुमारी,गीता देवी,चंपा देवी सहित कई लोग मौजूद थे'

## आदिवासी समाज आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित. बाबूराम हांसदा



**दुमका :** शहर के कॉन्वेशन सेंटर स्थित कृषक छात्रवास में रविवार को आदिवासी बहुउद्देशीय उत्थान सहकारी समिति द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बाबूराम हांसदा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के आदिवासी समाज आज भी मूलभूत सुविधाएं से दूर है एवं झारखंड सरकार इस समुदाय के आर्थिक स्थिति सुधार के सुधार के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही है. उन्होंने उपस्थित लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आने को कहा. उन्होंने कहा की आर्थिक स्थिति मजबूत होने से ही समाज की तकदीर और तस्वीर बदलती है.

मौके पर समिति केन्द्रीय कोषाध्यक्ष सरोजिनी हांसदा, दुमका जिला निर्देशक नीलम टुडू, पाकुड़ जिला निर्देशक फ्रांसिस हांसदा, हराधन मुर्मू, दुमका जिला अध्यक्ष लेमधेज मुर्मू, अनुपलाल मुर्मू, राकेश मरांडी, सुरेन्द्र किस्कू, कोमल टुडू, उतिथ मुर्मू, सिफानियाल टुडू, मटरू टुडू, निलमुनि मुर्मू,पनमुनी मुर्मू, बिना मुर्मू, रोजमेरी मुर्मू आदि मौजूद थे।

## जर्जर सड़क के खिलाफ सरसोत के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**पलामू :** जिले के हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के पथरा ओपी क्षेत्र अंतर्गत सरसोत एवं आसपास के गांव के लोगों ने रविवार को जर्जर और बदहाल सड़क की मरम्मत नहीं कराए जाने के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया। ग्रामीणों ने एनएच-139 के सरसोत नहर मोड़ के पास विरोध प्रदर्शन किया। हाइवा वाहनों का परिचालन रोकते हुए कहा कि जब तक सड़क की मरम्मत शुरू नहीं कराया जाएगा भारी वाहनों का परिचालन नहीं होने दिया जाएगा। पथरा, बेला घाट, चार मुहान, बटाने निचली डैम, बघौतथान, तरवन, बृजवार, रजवार मोड़ आदि गांव व टोले से सड़क गुजरती है। बरसात में सड़क के गड्ढे कीचड़ व पानी से भर गए हैं जिससे रोज दुर्घटना भी हो रही है।

## धोती-साड़ी शीघ्र वितरण करने का निर्देश

**हरिहरगंज :** मार्केटिंग ऑफिसर ब्रजेश कुमार ने जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को धोती व साड़ी का वितरण जल्द करने का निर्देश दिया है। एमओ ने बताया कि जनवितरण दुकानदारों ने ब्लॉक से धोती- साड़ी का उठाव कर लिया। 17351 कार्डधारियों के बीच 30978 धोती, साड़ी, लुंगी का वितरण किया जाना है। एमओ ने बताया कि 1625 हरा कार्ड के लाभुकों के बीच अगस्त माह का अनाज भी वितरण किया जा रहा है। प्रखंड स्तर से लगातार निगरानी की जा रही है।

## शांति विकास संघ ने चलाया सफाई अभियान

**मेदिनीनगर :** शांति विकास संघ ने दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को संघ से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकताओं ने सूदना पश्चिमी स्थित शिव महावीर मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया। मंदिर परिसर की सफाई अभियान का नेतृत्व संघ के संरक्षक डॉ धनंजय पांडेय एवं राघव ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। संरक्षक ने कहा कि दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा। तैयारी शुरू कर दी गई है। सफाई कार्य में वार्ड-दो के पूर्व वार्ड पार्षद सुशील कुमार, संघ के अध्यक्ष संजय गुप्ता, सचिव प्रकाश राम, विल्लू तिवारी, बसंत दुबे, दिलीप पाठक, बबलू तिवारी, अर्जुन राम, प्रेमशंकर गुप्ता, संदीप पांडेय, विनोद कुमार, रामचंद्र पासवान, दशरथ प्रसाद, विनोद राम, प्रमोद गुप्ता, उपेंद्र ठाकुर आदि रहे।

## संस्कृत के प्रासंगिकता पर हुई चर्चा

**मेदिनीनगर :** विश्व संस्कृत दिवस मनाते हुए शनिवार को साहित्यिक संस्था परिमल प्रवाह ने संस्कृत का अध्ययन जारी रखने पर बल दिया। मेदिनीनगर के गिरिवर प्लस-2 उच्च विद्यालय सावन पूर्णिमा को संस्कृत दिवस उत्सव की अध्यक्षता परिमल प्रवाह के उपाध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी ने किया। अतिथियों ने मां सरस्वती एवं मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद दीप प्रज्वलित किया। 6 वर्षीया मिसीता कुमारी ने मंगलाचरण पेश किया। डॉक्टर विजय प्रसाद शुक्ल के संचालन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्रनाथ दुबे ने कहा कि संस्कृत ज्ञान विज्ञान की भाषा है। वर्तमान में इसका अध्ययन अनिवार्य है।

# उफान पर गंगा तीन साल का रिकॉर्ड टूटा

संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले में बाढ़ में पिछले 3 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है रविवार को देर शाम गंगा का जलस्तर 28.02 मीटर माता गया है। जबकि खतरे के निशान से 1.35 मीटर अधिक चल रही है जिसमें सोमवार की सबह जलस्तर 28.65 मी पहुंच गया है इससे पहले 20 अगस्त 2021 को गंगा का जलस्तर 28.90 मी पहुंचा था जिले में वाइपर छाती हुई थी उसे वर्ष बाढ़ के कारण कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित की गई थी उल्लेखनीय है कि वर्ष 1998 में गंगा जी का जलस्तर 30.91 मी रिकॉर्ड किया गया था अब तक सर्वाधिक जलस्तर है। वर्तमान में शहर के पुरानी सहिबगंज, रसूलपुर दहला, भारतीय कॉलोनी, लातबन्ना, हरिपुर, सकडोगढ़, कमल टोला,व्यसी स्थान, केंद्रीय विद्यालय जैसे क्षेत्रों में पानी पहुंच चुका है। वही वही दूसरी ओर जिला प्रशासन के द्वारा प्रवाहित प्रभावित क्षेत्र का लगातार दौरा किए जा रहे हैं। हालांकि जिला प्रशासन के द्वारा कई निर्देश भी दिए गए हैं। जिसमें जिला के लोगों को बाढ़ भावित क्षेत्रों में तब तक निर्माण से बचें जब तक कि सुरक्षित ऊंचाई पर नहीं हो। बिजली के उपकरण और मीटर को ऊंचाई पर रखें ।घर के नालियों में बाढ़ का पानी घुसने से रोकने हेतु चेक वाल्व लगवाएं। स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करें कि बाढ़ से सुरक्षा के लिए कौन-कौन से उपाय किए जा सकते हैं। दीवारों पर वॉटरप्रूफिंग कंपाउंड का प्रयोग करें। बाढ़ आपके क्षेत्र में आने वाली हो तो ध्यान रखें। रेडियो या टीवी पर सूचनाएं सुनते रहें।जरूरत पड़ने पर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं, विशेषकर अचानक बाढ़ की संभावना हो तो देर न करें। नदियों, नालों, घाटों या बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से दूर रहें। घर को सुरक्षित करें। जरूरी फर्नीचर एवं सामानों को ऊंचाई पर रखें। बिजली के उपकरणों को डिस्कनेक्ट करें ।गीले या जलमग्न स्थिति में उन्हें न छुएं। गंगा नदी का जलस्तर में वृद्धि होने के फल स्वरुप मछुआरों एवं छोटे नविको को चेतावनी दी जाती है की गंगा नदी से दूरी बनाकर रखें।यदि आपको अपना घर छोड़ना पड़े तो बाढ़ में से सुरक्षित निकालने के लिए इन जरूरी बातों का ध्यान रखें।बहते पानी में ना चलें, 6 इंच की गहराई वाले बहते पानी में आप गिर सकते हैं। यदि आपको पानी में चलना हो तो वहां चले जहां पानी बह न रहा हो। अपने आगे जमीन की सतह की मजबूती को जांचने के लिए छड़ी का प्रयोग करें। बाढ़ वाले इलाकों में ड्राइविंग ना करें । यदि बाढ़ का पानी आपकी कार के आस-पास जमा हो जाए तो कार को वहीं छोड़ दें तथा यदि आप ऐसा सुरक्षित रूप से कर सकें तो तुरंत किसी ऊंचे स्थान पर चले जाएं क्योंकि आप और आपका वाहन पानी में तेजी से बह सकता है। सतर्क रहे सुरक्षित रहे।

## कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम क्षेत्रों में जोर शोर से जारी

संवाददाता



**साहिबगंज/बरहरवा :** संगठन सृजन 2025 के अंतर्गत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं प्रदेश प्रभारी राजू के निदेर्शानुसार साहिबगंज जिला के उधवा प्रखंड अंतर्गत कटहल बाड़ी पंचायत का पंचायत कांग्रेस कमेटी का गठन प्रखण्ड अध्यक्ष मो. बदरुद्दोजा की अध्यक्षता में किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस के साहेबगंज जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान एवं विशिष्ट अतिथि जिला महासचिव ऐनुल हक अंसारी उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से मोहम्मद इमरान शेख को पंचायत का अध्यक्ष मनोनीत किया गया,दो उपाध्यक्ष मकबूल हुसैन और अब्दुल करीम को बनाया गया।नौ महासचिव बाबुल शेख,समसुल अंसारी, मुबारक शेख, सेनाउल शेख, मोहम्मद अखलाक राजा,साहेब मरांडी,दौलत अली,लखीराम मंडल,अजहरुद्दीन मोमीन को मनोनीत किया गया।सभी नव नियुक्त पंचायत पदाधिकारीयों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि बरकत खान ने संबोधित करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कांग्रेस पार्टी के विचार धाराओं से पंचायत के लोगों को अवगत कराने का निर्देश दिया तथा गठबन्धन सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम करे।मौके पर कदीर हुसैन,अब्दुल रौफ,बबलु शेख, जहरुल,बरकत अली, जमाल शेख, फिरोज शेख,हरि स्वर्णकार, लखीराम मंडल, सज्जाद शेख, मेहबूब आलम शुक्रूद्दीन,करीम सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वोट चोरी की वारदात को लेकर जनता के बीच जाएंगे : बरकतुल्लाह खान

संवाददाता



**साहिबगंज :** झारखंड कांग्रेस ने वोट चोरी प्रकरण को लेकर सक्रियता दिखाते हुए अपने कार्यकताओं के साथ चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है।इसी क्रम में आज प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमिटी साहिबगंज ने जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान की अध्यक्षता में साहिबगंज कांग्रेस कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया।कार्यक्रम में राहुल गांधी द्वारा इंदिरा भवन नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन कर वोट चोरी प्रकरण के जिन आंकड़ों और तथ्यों को उजागर किया गया था। उसे कांग्रेस कार्यालय में टेलीविजन पर वीडियो के माध्यम से कांग्रेसजनों ने विस्तारपूर्वक अध्यन किया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा कि हम वोट चोरी के इस पूरी वारदात को लेकर जनता के बीच जाएंगे।हम जनता के बीच आकड़ो और तथ्यों के साथ वोट चोरी के इस प्रकरण को रखने का काम करेंगे।ऐसे में ये जरूरी है कि कांग्रेस के कार्यकर्ता इस पूरे प्रकरण से पूरी तरह वाकिफ हो।वोट चोरी प्रकरण को लेकर हम चरणबद्ध आंदोलन की शूरुआत करने जा रहे हैं।हमने इस देश की आजादी में जो भूमिका निभाई थी अब इस देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए वही भूमिका निभाने जा रहे हैं।देश और जनता की हितों की रक्षा और लोकतंत्र को बचाने के लिए हम कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हैं।कार्यक्रम में मुर्शाद अली,मो कलीमुद्दीन बासुकीनाथ यादव, उमेश कुमार पांडे, इकलाख नदीम रामसिंगार ओझा,मो रिजवान, निताय सरकार, थॉमस रॉबर्ट, अली कुरैशी, गणेश मण्डल, सादिक अंसारी सब्दुल अंसारी, अजीज अंसारी, लखन चौधरी, दुर्ग रॉय, सतीस कुमार, देवराज सिंह, जितेंद्र कुमार, बादल मंडल, वसीम आलम, सद्दाम हुसैन, मनीष प्रताप, विपन कुमार ठाकुर, मनीष कुमार, मो अकीब, मो कमालुद्दीन मो रबनवाज, लोकनाथ घोष व अन्य दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## प्रमंडलीय आयुक्त को मांग पत्र सौंपने का निर्णय

**मेदिनीनगर :** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति पर से रोक हटाने की मांग को लेकर 25 अगस्त को प्रमंडलीय आयुक्त को मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिय गया। रविवार को कचहरी परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पलामू में चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों के नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। जिसका विज्ञान संख्या 01/ 2025 है। 35 हजार बेरोजगार छात्रों ने आवेदन किया है। बेरोजगारों को फार्म भरने में पांच सौ खर्च हुए हैं। झारखंड सरकार ने नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगा दी है।इससे बेरोजगारों में आक्रोश व्याप्त है। बैठक में कृष्णा राम,संजय मिस्त्री, संतोष विश्वकर्मा, संजय कुमार, सतीश दुबे, अजीत कुमार, अजय कुमार समेत कई बेरोजगार उपस्थित थे।

## बेहतर स्वास्थ्य और गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करें : सिविल सर्जन



संवाददाता

**साहिबगंज :** रविवार को डॉ रामदेव पासवान सिविल सर्जन साहिबगंज के द्वारा रात्रि 10 बजे सदर अस्पताल साहिबगंज का औचक निरक्षण किया गया। जिसमे सदर अस्पताल साहिबगंज में ड्यूटी रोस्टर के अनुसार चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए जिसे देख सिविल सर्जन महोदय खुद ही सदर अस्पताल साहिबगंज में बैठकर मरीजो का ईलाज किये।सिविल सर्जन के द्वारा इस तरह के चिकित्सक के अनुपस्थित पाए जाने पर काफी रोष प्रकट किए और अनुपस्थित चिकित्सको को स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिए की किन परिस्थितियों में आप ड्यूटी से अनुपस्थित है। निरक्षण के दौरान सिविल सर्जन महोदय के द्वारा ओपीडी रजिस्टर, उपस्थिति पंजी, आवश्यक दवाएं एवं अस्पताल में साफ - सफाई आदि का अवलोकन किए । सिविल सर्जन महोदय के द्वारा तुरंत चिकित्सको को टेलीफोन के द्वारा बुलाकर ड्यूटी पर लगाए गए। साथ ही उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी एवं पारामेडिकल कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए समय पर ड्यूटी आकर अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य और गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को कहा गया। साथी ही उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए! मौके पर चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## नशे की हालत में पुत्र ने पिता को गला दबाकर की हत्या

संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में शनिवार की शाम मे नशेड़ी पुत्र ने गला दबाकर पिता की हत्या कर दी है। चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी 65 वर्षीय टुनू भुइयां के शव का रविवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच टीओपी पुलिस ने उसे परिजनों को सौंप दिया है। चैनपुर थाना की पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर आरोपी पुत्र श्रीराम भुइयां को हिरासत में ले कर पूछताछ कर रही है। चैनपुर के प्रभारी थाना प्रभारी बाबूलाल दुबे ने बताया कि अब तक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन आने के बाद मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक की पत्नी पानपत्ति देवी ने एमआरएमसीएच टीओपी के पुलिस के समक्ष बताया कि नशे की हालत में पुत्र ने पिता को गला दबाकर हत्या कर दी है। शनिवार के दोपहर के बाद वह जंगल में गाय चराने गई थी। शाम को करीब 7 बजे घर लौट कर गाय बांधने के बाद बरामदा में आई तो देखा कि पति जमीन में लेटे हुए हैं और पुत्र वहीं पर बैठा हुआ है। प्रारंभ में वह सोची कि पति शराब के नशे में नीचे लेटे होंगे। उन्हें उठाने की कोशिश की पर वह नहीं उठे। बाद में पुत्र ने बताया कि नशे की हालत में गाली-गलौज कर रहे थे। वह उससे उलझ गए थे। धक्का देने पर वह गिरकर बेहोश हो गए। पानपति देवी के अनुसार उसने अचेत स्थिति में अपने पति शनिवार की रात में ही मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच लेकर पहुंची जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उसने कहा कि आशंका है कि पुत्र ने गला दबाकर अपने पिता की हत्या कर दी है।

# फाइलेरिया एक बहुत ही खतरनाक बीमारी है : सिविल सर्जन

संवाददाता



**दुमका :** रविवार को को फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम का शुभ उदघाटन उपायुक्त के निदेर्शानुसार दुमका जिला के सिविल सर्जन डॉ. कमलेश्वर प्रसाद के द्वारा रसिकपुर में जनसमुदाय के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। जहां मंच पर मंचाधीन उपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मंटू टेकरीवाल, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ मो० जावेद उपस्थित थे। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. कमलेश्वर प्रसाद ने फाइलेरिया बीमारी और इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया कि फाइलेरिया यानी हाथीपांव एक बहुत ही खतरनाक बीमारी है. यह दुनिया में विकलांगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण है यह बीमारी मादा संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है इसके परजीवी बिना किसी लक्षण के भी आपके शरीर में लंबे समय तक रह सकते हैं और संक्रमित व्यक्ति स्वस्थ दिखते हुए भी इस रोग को दूसरे लोगों तक फैला सकते हैं इस बीमारी का इलाज तो नहीं लेकिन बचाव संभव है साल में एक बार टऊअ-कऊअ अभियान के दौरान फाइलेरिया से बचाव की दवा खाकर इस बीमारी से बचा जा सकता है हमारे जिले में 10 से 25 अगस्त 2025 तक टऊअ-कऊअ अभियान चलाया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. कमलेश्वर प्रसाद ने दुमका जिलावासियों से अनुरोध किया कि अभियान के दौरान फाइलेरिया से बचाव की दवा खाएं एवं अपने परिवार के सभी लोगों को दवा खिलाना सुनिश्चित करें याद रहे कि यह दवा 2 वर्ष से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार लोगों को छोड़कर बाकी सभी को यह दवा खानी है स्वास्थ्य कार्यकर्ता के द्वारा 10 अगस्त को बूथ पर एवं 11 अगस्त से 25 अगस्त तक घर-घर जाकर यह दवा खिलाएगी। आप सभी उनके सामने ही यह दवा जरूर खाएं । दुमका जिला में कुल लक्षित आबादी 16,83715 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है जिसके लिए कुल 2833 दवा प्रशासकों का टीम बनाया गया है जो 2900 जगहों पर 10 अगस्त को बूथ लगाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराएंगे एवं शेष छूटे हुए लोगों को 11 अगस्त से 25 अगस्त2025 के बीच स्वास्थ्य कर्मी द्वारा घर घर जाकर यह दवा का सेवन अपने सामने कराएंगे जिसके लिए 373 सुपरवाइजर इस फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम (टऊअ-कऊअ 2025) का सुपरविजन करेंगे एवं उनके माध्यम से प्रत्येक दिन शाम में रिपोर्ट कलेक्ट कर प्रखंड/जिला भेजा जाएगो यह कार्यक्रम दुमका जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर कुल 2706 गांव में दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है

जिला में कुल अभी तक फाइलेरिया यानी लिंफोडीमा के मरीज 5378 एवं हाइड्रोसील से ग्रसित मरीजों की संख्या 1356 है, जिसमें से 893 हाइड्रोसील से ग्रसित मरीजों का सर्जरी कराकर ठीक किया जा चुका है। ये सारी जानकारी सिविल सर्जन के द्वारा दिया गया। साथ ही जिला से जिला भीबीडी कंसल्टेंट, मलेरिया इंस्पेक्टर, पिरामल फाउंडेशन से संजय, मनोज, इंद्रदेव एवं अर्बन से सुदामा, जिला मलेरिया कार्यलय से ऋषि, प्रदीप, सुमित, संजय, संजीव, दुबे आदि उपस्थित थे।



### रिश्ते में उम्र के अंतर पर बोलीं फातिमा सना शेख, कहा-

# लड़का 10 साल बड़ा हो तो भी...

**फातिमा** सना शेख अपनी दो फिल्मों आप जैसा कोई और मेट्रो इन दिनों को लेकर चर्चा में रही हैं। फिल्म आप जैसा कोई में उन्होंने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो अपने से बड़े उम्र के व्यक्ति के साथ प्यार में पड़ जाती हैं। हाल ही में उन्होंने कहा है कि किसी भी रिश्ते में उम्र कोई दिक्कत नहीं है।

संवेदनाएं एक जैसी होनी चाहिए उम्र के मामले पर बोलते हुए फातिमा सना शेख ने बातचीत में कहा अगर रिश्ते में दोनों की भावनाएं मेल खाती हैं तो इससे फर्क नहीं पड़ता है कि कोई लड़का मुझसे 10 साल बड़ा है। भावनाओं का स्तर एक जैसा होना चाहिए। उम्र में फर्क वाली चीज तो सदियों से होती आ रही है।

#### फातिमा ने अपने आपको बताया खुशकिस्मत

फातिमा सना शेख ने रहना है तेरे दिल में के अभिनेता आर माधवन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बताया मैं बहुत खुशकिस्मत हूं। मैं लोगों से बताती हूं कि मुझे एक ऐसा किरदार मिला जिसमें मैं उनके साथ रोमांस कर रही हूं। हालांकि फिल्म में बहुत सही तरीके से रोमांस कर रही थी क्योंकि यह अच्छी तरह लिखा गया था। हमारी केमिस्ट्री एकदम प्राकृतिक थी।

#### निर्देशक जैसे हैं आर माधवन

फातिमा सना शेख ने आर माधवन के बारे में आगे कहा वह एक काबिल अभिनेता हैं। वह अपने आप में एक निर्देशक भी हैं। जब भी मैंने फिल्म में कुछ न करने का कारण दिया, तो उन्होंने मेरा उत्साह बढ़ाया। फिल्म में दोनों के अभिनय की सराहना की गई है। फिल्म आप जैसा कोई 11 जुलाई को ओटीटी पर रिलीज हुई थी। इसमें फातिमा सना शेख और आर माधवन ने मुख्य किरदार निभाया है।

विवेक सोनी ने इसका निर्देशन किया है। फिल्म में एक अध्यापक के बारे में दिखाया गया है जो बड़ी उम्र के होते हैं और उनकी शादी नहीं होती। इसी तरह से एक लड़की की भी शादी नहीं होती है। दोनों किसी तरह मिलते हैं और दोनों में प्यार हो जाता है। फिल्म दोनों के रिश्ते के आस-पास घूमती है।

# आने वाले दिनों में एआइ फिल्म स्टार बनाएगा



बॉलीवुड में इन दिनों चर्चित फिल्म रांझणा का क्लाइमैक्स एआइ से बदलकर तमिल में री-रिलीज किए जाने को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। फिल्म के निर्देशक आनंद एल राय और खुद एक्टर धनुष इस पर अपनी नाराजगी जता चुके हैं। अब जाने-माने फिल्म लेखक-गीतकार जावेद अख्तर ने खासचीत के दौरान इस मुद्दे पर अपनी राय रखी।

जावेद अख्तर का कहना है, जब आप (निर्माता) किसी को फिल्म बनाने को देते हैं तो उसे आर्टिस्टिक आजादी देनी चाहिए। उसमें नहीं दखल देना चाहिए। वो बात सही नहीं है। वहीं, एआइ के प्रभाव के बारे में उन्होंने कहा, एआइ तो आएगा, अभी तो वह अपने पालने में हैं, बाद में क्या होगा, वो मैं सोच भी नहीं सकता। ऐसी-ऐसी बातें होंगी जो हम सोच भी नहीं सकते। एआइ से स्टार बनेंगे, जिनका कॉपीराइट कंपनीज के पास होगा और अगर वो स्टार हिट हो गए, तो वो कंपनी दूसरे फिल्ममेकर्स को उन किरदारों को लोन पर देगी, जो असल में हैं ही नहीं।

**सुरक्षा के लिए कानून बदलेंगे**

जावेद अख्तर का कहना है, जैसे जैसे तकनीक बदलती है, उनसे सुरक्षा के लिए कानून भी बदलता है, तो एआइ से सुरक्षा के लिए भी कानून बदलेंगे। पहले शब्दों और म्यूजिक का कॉपीराइट होता था, अब आवाज का भी होगा क्योंकि अब आवाज भी चुराई जा सकती है। आप लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार की आवाज में आज गाना बना सकते हैं, तो आवाज, चेहरे सबका कॉपीराइट आएगा, कानून बदलेगा। अब रांझणा के साथ जो हुआ है, आगे डायरेक्टर कॉन्ट्रैक्ट साइन करते वक्त क्लॉज रखेगा कि आप ये चीजें नहीं कर सकते।

**एआइ की गर्लफ्रेंड उसे छोड़कर नहीं गई**

हालांकि, लेखन के मामले में जावेद अख्तर एआइ को इंसानी दिमाग से काफी पीछे मानते हैं। वह कहते हैं, क्रिएटिव मामलों में एआइ अभी हमसे मुकाबला नहीं कर सकता है। उस मामले में हमारी बराबरी करने में उसे बहुत वक्त लगेगा, क्योंकि एआइ की मां बचपन में नहीं गुजरी थीं। एआइ की गर्लफ्रेंड ने उसे छोड़कर किसी और से शादी नहीं कर ली थी, उसके किसी अमीर रिश्तेदार ने उसे बेइज्जत नहीं किया था, तो अभी एआइ का डेटा बहुत मामूली है। हमारे डेटा से मुकाबला करने में उसे बहुत वक्त लगेगा।

# तेहरान के इश्क़ बुखार में एलनाज़ नोरौज़ी ने लगा दी हॉटनेस की आग

### स्टाइल का तड़का और पावर का झटका!

एलनाज़ नोरौज़ी सिर्फ तेहरान में नज़र नहीं आ रहीं – वो सीधा कहर बनकर टूटी हैं! इस थ्रिलर में उनका ताज़ा तड़कता-भड़कता गाना 'इश्क़ बुखार' है एक धुआँधार एलान – कि अब एलनाज़ न सिर्फ तैयार हैं, बल्कि सीधे बी-टाउन की लाइमलाइट में घुस चुकी हैं! पहले भी अपने काम से दिल जीत चुकी एलनाज़, अब इस गाने में दिखा रही हैं वो तेवर जो हर फ्रेम को बना देता है फुल-ऑन ब्लॉकबस्टर। पहली झलक से ही एलनाज़ लगती हैं एकदम ह्स्ल्न, कौन है ये? टाइप गॉर्जियस – बोल्ड भी, एलिगेंट भी, और ग्लैमरस तो पूछो मत! उनके एक्सप्रेशन्स हों या किलर मूव्स – हर बीट पर एलनाज़ का कब्ज़ा है।स्टाइलिंग एकदम ऑन पॉइंट, एनर्जी हाई-वोल्टेज, और स्क्रीन तो जैसे जल उठी हो!

#### हमेशा फिल्मों की फैन रहीं हूं

एलनाज़ कहती हैं मैं हमेशा Maddock की फिल्मों की फैन रही हूं, और अब खुद उसका हिस्सा बनना एकदम सपना सा लग रहा है! लेकिन ये गाना सिर्फ कोई और डांस नंबर नहीं है – ये उनके फिल्म प्रमोशन पावर की भी झलक है –और इंडस्ट्री को अब वो नज़र आ रही हैं।

'इश्क़ बुखार' – है हाई एनर्जी, बोल्ड और पूरी तरह से विज़ुअल ट्रीट! और जब एलनाज़ ने पहली बार ये ट्रैक सुना, तो तुरंत दिल दे बैठीं – ऐसा मेरे साथ जल्दी नहीं होता, वो मानती हैं। लुक, कोरियोग्राफी, वाइब – सब कुछ है डिजाइन किया गया एक नई, दमदार एलनाज़ को दुनिया के सामने लाने के लिए। एक्टिंग और वर्सेटिलिटी तो उनकी पहचान रही है, पर अब जो कॉन्फिडेंस और स्टाइल में तड़का आ गया है – वो सीधा उन्हें खींच ला रहा है बॉलीवुड के बिग लीग में! शायद तेहरान सिर्फ शुरुआत है – एलनाज़ नोरौज़ी का सुपरस्टार बनने का टाइम अब शुरू हुआ है!





# बारिश वाले गानों का हमारी फिल्मों में हमेशा एक खास मुकाम रहा है: जान्हवी कपूर

**बॉलीवुड में बारिश सिर्फ मौसम नहीं, एक एहसास रही है – कभी मोहब्बत का जरिया, कभी यादों का पुल, तो कभी दिल को छू जाने वाला सिनेमा। ब्लैक एंड व्हाइट दौर की रोमांटिक क्लासिक्स से लेकर आज के हाई-डेफिनिशन विज़ुअल्स तक, बारिश ने हर दौर की कहानियों में एक खास जगह बनाई है।**

जान्हवी कपूर के लिए उनकी आने वाली फिल्म परम सुंदरी का नया गाना भीगी साड़ी उस सपने जैसा है जिसे हर बॉलीवुड दीवाना जीना चाहता है। उन्होंने कहा- बारिश वाले गानों का हमारी फिल्मों में हमेशा एक खास मुकाम रहा है। इनमें एक जादू है, जो कभी पुराना नहीं होता। मैंने बचपन से ऐसी कई आइकॉनिक सीन देखे हैं जो बारिश में फिल्माए गए, और अब भीगी साड़ी के ज़रिए उस विरासत का हिस्सा बनना किसी सपने जैसा है। जब हमने यह गाना शूट किया, तो ऐसा लगा जैसे किसी पुराने बॉलीवुड ख्वाब में जी रही हूं – बारिश में नाचना, हर बीट को महसूस करना, हर इमोशन को जीना वो एक जादुई अनुभव था। भीगी साड़ी में दिल को छू लेने वाली धुन, खूबसूरत लोकेशंस और जान्हवी की दिलकश अदाओं का संगम है। साड़ी में उनकी रोमांटिक मौजूदगी पुराने दौर की याद दिलाती है – लेकिन एक नए, मॉडर्न अंदाज़ के साथ। परम सुंदरी जहाँ ग्लैमर, जज़्बात और दिल से जुड़ी कहानियों का वादा कर रही है, वहीं भीगी साड़ी पहले से ही फैंस के दिलों को भिगो रही है – बॉलीवुड के आइकॉनिक रेन सॉन्ग्स की लिस्ट में अपनी जगह पक्की करती हुई। अगर आप चाहें, मैं इसके लिए एक इंस्टाग्राम कैप्शन या मीडिया हेडलाइन भी बना सकती हूँ!

### तमन्ना भाटिया का खुलासा

# बोल्ड और इंटिमेट सीन की शूटिंग के पीछे के बताए राज



तमन्ना भाटिया अपनी अकादारी और अपने बेहतरीन डांस के लिए प्रसिद्ध हैं। तमन्ना ने फिल्मों में बोल्ड सीन न करने के नियम को तोड़ते हुए इंटिमेट सीन के बारे में खुलकर बात की। साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय से सभी के दिलों में खास जगह बना चुकीं तमन्ना भाटिया ने पहले अपनी किसी भी फिल्म में लिप-लॉक सीन नहीं करती थीं। लेकिन फिल्म लस्ट स्टोरीज में उन्होंने इस नियम को तोड़ा और कई बोल्ड सीन देकर चर्चा में आईं। हाल ही में फिल्मों में अपने इंटिमेट सीन को लेकर तमन्ना ने खुलकर बातचीत की। एक खबर के अनुसार, तमन्ना ने बताया कि पहले वह फिल्मों में बोल्ड और इंटिमेट सीन करने से बचती थीं, क्योंकि उन्हें लगता था कि इससे वह खुद को सीमित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बोल्ड सीन पूरी तरह से बनावटी होते हैं और हर सीन को बहुत सावधानी से कोरियोग्राफ किया जाता है। सेट पर एक इंटिमेसी कोच मौजूद रहता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सब कुछ ठीक हो। पुरुष सह-कलाकारों को विशेष निर्देश दिए जाते हैं कि वे कुछ खास जगहों को न छुएं। तमन्ना ने यह भी कहा कि ऐसे सीन को बहुत सटीकता से फिल्माया जाता है, जैसे कोई डांस कोरियोग्राफी हो। सेट पर मौजूद हर व्यक्ति नियमों का पालन करता है और हर कदम को पहले से तय किया जाता है।

#### तमन्ना का करियर और वर्कफ्रंट

तमन्ना भाटिया ने मुख्य रूप से तेलुगु, तमिल और हिंदी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 2005 में हिंदी फिल्म चांद सा रोशन चेहरा से अभिनय की शुरुआत की। तमन्ना जल्द ही एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ हॉरर फिल्म वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट में नजर आएंगी। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज हो सकती है।

# डीपीएल : ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने रोमांचक मुकाबले में वेस्ट दिल्ली लायंस को 2 रन से हराया

एजेंसी




**नई दिल्ली, :** अरुण जेटली स्टेडियम में रविवार रात खेले गए दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) सीजन-2 के रोमांचक मुकाबले में ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने वेस्ट दिल्ली लायंस को आखिरी गेंद पर 2 रन से पराजित कर दिया। अर्पित राणा की बेहतरीन बल्लेबाजी और कप्तान अनुज रावत की शानदार रणनीति इस जीत के केंद्र में रही। 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्ट दिल्ली लायंस 20 ओवर में 7 विकेट पर 156 रन ही बना सके। टीम के लिए कृष्ण यादव ने 39 गेंदों पर 44 रन की धैर्यपूर्ण पारी खेली, जबकि अंकित कुमार ने मात्र 16 गेंदों पर 42 रन (2 चौके, 5 छक्के) की तूफानी पारी खेलकर मुकाबले को आखिरी ओवर तक पहुंचाया। हालांकि, ईस्ट दिल्ली के गेंदबाजों ने दबाव बनाए रखा। मयंक रावत ने 4 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट झटके, जबकि रौनक वाघेला ने 23 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। इस जीत के साथ ईस्ट दिल्ली राइडर्स अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है। टीम के 6 मैचों में अब 9 अंक हो गए हैं। इससे पहले, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 158 रन बनाए। टीम की शुरूआत खराब रही और पहला विकेट मात्र 10 रन पर गिरा, लेकिन अर्पित राणा ने 47 गेंदों पर 71 रन (7 चौके, 3 छक्के) और हार्दिक शर्मा ने 37 गेंदों पर 50 रन (2 चौके, 4 छक्के) बनाकर पारी को संभाला। दोनों के बीच 102 रनों की साझेदारी हुई, जो मैच की सबसे बड़ी पार्टनरशिप रही। अंतिम ओवरों में टीम लय खो बैठी, लेकिन रौनक वाघेला ने 6 गेंदों पर नाबाद 12 रन जोड़े। वेस्ट दिल्ली लायंस के गेंदबाजों में मनन भारद्वाज सबसे सफल रहे, जिन्होंने 4 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट लिए। कप्तान नितीश राणा (2/31), ऋतिक शोकीन (1/27), अनिरुद्ध चौधरी (1/22) और तिशांत डाबला (1/3) ने भी योगदान दिया।

**संक्षिप्त स्कोर:**

ईस्ट दिल्ली राइडर्स झ 158/8 (20 ओवर) झ अर्पित राणा 71 (47), हार्दिक शर्मा 50 (37), मनन भारद्वाज 3/26

वेस्ट दिल्ली लायंस झ 156/7 (20 ओवर) झ कृष्ण यादव 44 (39), अंकित कुमार 42 (16), मयंक रावत 2/18

# बार्सिलोना ने कोमो को 5-0 से हराकर जीती जोआन गैम्पर ट्रॉफी



**बार्सिलोना :** मौजूदा स्पेनिश चैंपियन बार्सिलोना ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) इटली की टीम कोमो को 5-0 से मात देकर अपने प्री-सीजन की तैयारी पूरी की और जोआन गैम्पर ट्रॉफी अपने नाम की। इस मैच ने गोलकीपर मार्क-आंद्रे टेर स्टेगन और क्लब के बीच रिश्तों में आई तल्खी को भी कम करने का संकेत दिया। मैच में फरमिन लोपेज और लामिन यामाल ने दो-दो गोल दागे, जबकि ब्राजीली राफिन्हा ने पहला गोल किया। यह मुकाबला जोहान क्रूइफ स्टेडियम में खेला गया, क्योंकि कैम्प नोउ के आधुनिकीकरण का काम अभी जारी है। हांसी फि्लक की टीम ने लीग खिताब बचाने की तैयारी में जबरदस्त लय दिखाई। मैच से पहले टेर स्टेगन ने पारंपरिक कप्तानी संबोधन किया। हाल ही में उनकी पीठ की चोट को लेकर क्लब से विवाद सामने आया था, लेकिन 33 वर्षीय जर्मन गोलकीपर ने कहा, क्लब और मेरे बीच मुद्दा सुलझाना जरूरी था, अब आगे देखने का समय है। हम सभी ट्रॉफियों के लिए फिर से लड़ेंगे और उम्मीद है आपकी मदद से सभी खिताब जीतेंगे। दो दिन पहले ही उन्हें कप्तानी वापस सौंपी गई थी। बार्सिलोना ने इंग्लिश फॉरवर्ड मार्कस रैशफोर्ड को भी बतौर सब्स्टीट्यूट मौका दिया, जो दो हफ्ते पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड से लोन पर टीम में शामिल हुए थे। रैशफोर्ड ने राफिन्हा के गोल में असिस्ट किया, लेकिन एक आसान मौके पर खाली गोल में गेंद डालने से चूक भी गए।

# वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर की

एजेंसी

**तरौबा :** रॉस्टन चेज और जस्टिन ग्रीव्स की शानदार साझेदारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने सोमवार को (भारतीय समयानुसार) वर्षा बाधित दूसरे वनडे में पाकिस्तान को 10 गेंद शेष रहते पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। चेज ने 47 गेंदों पर नाबाद 49 रन बनाए, जिसमें दो छक्के और विजयी चौका शामिल था। वेस्टइंडीज ने 33.2 ओवर में पांच विकेट पर 184 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। मेजबान टीम को बारिश के कारण डीएलएस पद्धति से 35 ओवर में 181 रन का संशोधित लक्ष्य मिला था। पाकिस्तान की पारी 37 ओवर में सात विकेट पर 171 रन पर सिमटी। तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने सात ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने 18वें ओवर तक तीन विकेट पर 101 रन बनाए थे, लेकिन 24वें ओवर तक स्कोर 111/5 हो गया। इस दौरान शेरफेन रदरफोर्ड 33 गेंदों पर 45 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें तीन छक्के और चार चौके शामिल थे। चेज और ग्रीव्स (31 गेंदों पर नाबाद 26) ने छठे विकेट के लिए 77 रनों की नाबाद साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पाकिस्तान के लिए हसन नवाज ने 30 गेंदों पर नाबाद 36 रन बनाए, जिसमें तीन छक्के शामिल थे – दो छक्के आखिरी ओवर में आए, जिसके बाद बारिश ने खेल रोक दिया। हुसैन तलत ने 32 गेंदों पर 31 रन जोड़े। कप्तान मोहम्मद रिजवान 38 गेंदों पर 16 रन बनाकर गुडकैश मोटी की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हुए। गौरतलब है कि शुक्रवार को खेले गए पहले वनडे में पाकिस्तान ने भी वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया था। सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला मंगलवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा। इससे पहले फ्लोरिडा में खेली गई टी20 सीरीज पाकिस्तान ने 2-1 से जीती थी।

# लगातार बारिश से बिहार में गंगा समेत सभी नदियां उफान पर, अबतक 19 लोगों की मौत

एजेंसी

**पटना :** पहाड़ों और बिहार के मैदानी इलाकों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से गंगा समेत बिहार की सभी प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इसकी वजह से गंगा किनारे बसे पटना, भागलपुर, मुंगेर, बेगूसराय, खगड़िया और कटिहार में बाढ़ की स्थित की नाजुक बनी हुई है। बिहार में बाढ़ से अब तक 19 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा बेगूसराय में 08 लोगों की मौत हुई है। मृतकों में बेगूसराय के 8, भागलपुर, सीवान और भोजपुर, खगड़िया में दो-दो तथा मुंगेर, वैशाली व कटिहार के एक-एक शामिल हैं। राज्य में 10 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ की



9वीं बटालियन की 14 टीमों को अलर्ट पर रखा गया है। दरभंगा, सुपौल, मोतिहारी और नालंदा में टीमें तैनात हैं। मौसम विभाग ने बिहार के 19 जिलों में यलो अलर्ट जारी करते हुए तेज बारिश, आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी दी है। पिछले 24 घंटों में कटिहार में 140 मिमी, नालंदा में 70 मिमी और पटना में 57 मिमी बारिश दर्ज की गई है। आपदा प्रबंधन विभाग और एनडीआरएफ की 14 टीमें राहत-बचाव में जुटी हैं, लेकिन मौसम का रुख अगले 48 घंटे और मुश्किलें बढ़ा सकता है।

रविवार देर रात पटना, सुपौल, बांका और लखीसराय में मध्यम बारिश रिकॉर्ड की गई, जबकि सोमवार सुबह से सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में मूसलाधार बारिश हो रही है। कटिहार में पिछले 24 घंटों में 140 मिमी बारिश दर्ज हुई है, जबकि नालंदा में 70 मिमी, शेखपुरा और बांका में 65 मिमी और पटना में 57 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। राजधानी पटना में सोमवार को दिनभर बादल छाए रहेंगे और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है. अधिकतम तापमान 32 सेंटीग्रेड और न्यूनतम 26 सेंटीग्रेड रहने का अनुमान है। हवा की रफ्तार 12-18 किमी प्रति घंटा और उमस बनी रहेगी। बारिश के बाद मौसम में हल्की ठंडक आ सकती है।

## उत्तराखंड में बारिश जारी, मातली हेलीपैड से धराली के लिए उड़ान नहीं भर पाए हेलीकॉप्टर

**देहरादून :** उत्तराखंड में बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही है आज फिर मौसम विभाग ने अल्मोडा, देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, पौडी गढ़वाल, उधमसिंहनगर में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। राज्य की सभी प्रमुख नदियों का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है और नदियां खतरे के निशान के पास बह रही हैं। वहीं, उत्तरकाशी के मातले से धराली की ओर हेली सेवाएं उड़ान नहीं भर पा रही हैं। यहां फिलहाल रेस्क्यू रुका हुआ है। बदरीनाथ मार्ग भूस्खलन के चलते बंद हैं वहीं, केदारनाथ यात्रा खराब मौसम के कारण रोकी गई है। गंगोत्री व यमुनोत्री यात्रा भी बंद है। मौसम विभाग ने राज्य के छह जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। इन जिलों के लैंडस्डाउन, रूड़की, रायवाला, कोटद्वार, रामनगर, काशीपुर, रानीखेत, लालकुआं व इसके आसपास के क्षेत्रों में भारी से बहुत बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सभी जिलों को सतर्क रहने का निर्देश जारी किया है। राज्य आपदा प्रबंधन के सचिव विनोद सुमन ने बताया कि नदियों के किनारे विशेष सतर्कता बरती जा रही है, इसके अलावा संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बल निगरानी कर कर रहे हैं। उत्तरकाशी के मातली हेलीपैड से बारिश के चलते हेलीकॉप्टर सेवाएं बंद हैं। मौसम साफ होने पर हेलीकॉप्टर सेवाएं बहाल की जाएंगी। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी ने बताया कि अलग-अलग जगहों पर फंसे सभी यात्रियों का रेस्क्यू कर लिया गया है, अब स्थानीय लोग ही वहां मौजूद है। उनके लिए खाद्यान्न समेत अन्य व्यवस्था का पूरा इंतजाम किया गया है।

# ज्ञानवापी परिसर के सम्मुख फोटो खिंचवा कर विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने किया साझा

एजेंसी

**वाराणसी :** वाराणसी में श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन के बाद विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने ज्ञानवापी परिसर के सम्मुख खड़े होकर फोटो खिंचवाई और उसे साझा करते हुए कहा कि औरंगजेब द्वारा श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर तोड़कर बनाई गई मस्जिद है, इसका केस कोर्ट में लंबित है। हमे विश्वास है, हम यह केस जीतेंगे और वहां पुनः श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर होगा। हर हर महादेव। आलोक कुमार के इस संदेश के बाद विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी, नेताओं, धर्मगुरुओं ने अपने सकारात्मक विचार रखे। अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने सोमवार को अपने विचार को व्यक्त करते हुए कहा कि श्रावण पूर्णिमा के पावन अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने काशी महानगर के कार्यकताओं के साथ बाबा विश्वनाथ के



दर्शनोपरान्त ज्ञानवापी परिसर में स्थित बाबा के तलघर का दर्शन किया और अपने ज्ञानवापी मुक्ति के संकल्प को पुष्ट किया। हम सदैव से उसी जगह पर मंदिर देखना चाहते है, जहां पर इस वक्त मस्जिद हैं। विश्व हिंदू परिषद के सक्रिय कार्यकर्ता आनंद ने कहा कि वर्तमान समय में ज्ञानवापी से जुड़ा मामला कोर्ट में चल रहा है। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार के वाराणसी में श्रीकाशी विश्वनाथ दर्शन के बाद ज्ञानवापी परिसर के सम्मुख फोटो खिंचवाने से विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं का उत्साह बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने इस बार कार्यकताओं के बीच में बेहद सकारात्मक माहौल बनाया है।

# मप्रः मुख्यमंत्री डॉ यादव की अगुआई में आज ग्वालियर में निकलेगी भव्य तिरंगा

- भारतीय आन-बान और शान के प्रतीक तिरंगा थामकर शामिल होंगे शहरवासी
- यात्रा मार्ग में देशभक्ति एवं भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत कार्यक्रम भी होंगे

एजेंसी



**ग्वालियर :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज (सोमवार को) ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे और यहां निकलने वाली भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। ग्वालियर व्यापार मेला के मुख्य द्वार से मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अगुआई में अपरान्ह लगभग तीन बजे भव्य तिरंगा यात्रा शुरू होगी। तिरंगा यात्रा के उपलक्ष्य में दोपहर 2 बजे से ही रंगारंग एवं देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मेला के मुख्य प्रवेश द्वारा से तिरंगा यात्रा आगे बढ़ेगी। मुख्यमंत्री इस तिरंगा यात्रा में राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार तक शामिल होंगे। इसके बाद तिरंगा यात्रा आकाशवाणी तिराहा व तानसेन रेसीडेंसी तिराहा होते हुए राजमाता विजयाराजे सिंधिया तिराहे तक पहुँचेगी। उन्होंने बताया कि भारतीय आन-बान और शान के प्रतीक तिरंगा थामकर इस यात्रा में बाइकर्स, सैन्य व पुलिस बल के जवान, एनसीसी की सभी विंग, भूतपूर्व सैनिक, विद्यार्थी, जनप्रतिनिधिगण व गणमान्य नागरिक सहित विभिन्न शासकीय, सामाजिक व स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण शामिल होंगे। यात्रा का सम्पूर्ण मार्ग तिरंगामय होगा। बीच-बीच में विभिन्न स्थानों पर बने मंचों पर देश भक्ति व भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत रंगारंग कार्यक्रम भी होंगे। साथ ही जगह-जगह पर रंगों व फूलों की रंगोलियां और आजादी व देश की रक्षा के लिये अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की वेशभूषा में सजे-धजे बच्चे व कलाकार भी इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होंगे। कलेक्टर रुचिका चौहान ने शहरवासियों से तिरंगा रैली में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की है। उन्होंने शहरवासियों से आग्रह किया है कि वे तिरंगा यात्रा के सुव्यवस्थित आयोजन में सहभागी बनें।

# ब्लॉक-बूथ अध्यक्षों के बदलाव की तैयारी में तृणमूल कांग्रेस

एजेंसी

**पूर्व बर्दवान :** लोकसभा चुनाव में पूर्व बर्दवान ज़िले में तृणमूल कांग्रेस ने सफलता हासिल की थी, लेकिन शहरों के कई बूथों पर पार्टी कमजोर साबित हुई। खास तौर पर बर्दवान, काटवा, मेमारी, कालना, गुसुकरा और दाईहाट में कई बूथों पर पार्टी पिछड़ गई थी। इस स्थिति को देखते हुए पार्टी और उसकी सहयोगी संस्थाओं ने समीक्षा की जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि पार्षदों का ह्यसेलिब्रिटीह्न जैसा व्यवहार और वार्ड एवं बूथ स्तर के नेताओं का अनुशासनहीन रवैया पार्टी को कई शहरी बूथों पर ले डूबा। पार्टी नेतृत्व ने तय किया है कि जिन नेताओं के पास जनसंपर्क की अच्छी पकड़ है और जो दिखावे से दूर रहे हैं, उन्हें आगे जिम्मेदारी दी जाएगी। वहीं, जिन पदाधिकारियों का प्रदर्शन कमजोर रहा, उन्हें हटाया जा सकता है। जिले के नेताओं को 29 अगस्त को कोलकाता बुलाया गया है, जहां वे अध्यक्ष, पार्टी अध्यक्ष और विधायकों के साथ बैठक करेंगे। सूत्रों के अनुसार, कुछ लोग पद पाने के लिए कार्यकताओं को प्रभावित करने में लगे हुए हैं, लेकिन अब पार्टी इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए कदम उठाएगी। सहयोगी संस्थाओं का भी प्रदर्शन रिपोर्टों के आधार पर परखा जाएगा और सितंबर की शुरूआत में बूथ, वार्ड और ब्लॉक अध्यक्षों की नई सूची जारी हो सकती है। इसके अलावा, शाखा संगठनों में भी ब्लॉक स्तर पर बदलाव की संभावना है। पार्टी का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन मजबूत है, लेकिन शहरी इलाकों में इसकी जड़ें कमजोर हैं। इसीलिए शहरों पर विशेष ध्यान देने की योजना बनाई गई है। कई ब्लॉकों में अध्यक्ष और विधायक के बीच विवाद की स्थिति बनी हुई है, जिसे सुधारने के प्रयास विफल रहे हैं। ऐसे मामलों में नेतृत्व सख्त कदम उठा सकता है।

# मप्रः पर्यावरण से समन्वय पर विशेष संगोष्ठी सह प्रशिक्षण कार्यशाला आज भोपाल में

मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे कार्यशाला का शुभारंभ

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के ध्येय ह्ललोक निर्माण से लोक कल्याणह्न को साकार करने की दिशा में पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजगता और विभागीय अभियंताओं की तकनीकी दक्षता में वृद्धि के उद्देश्य से ह्लपर्यावरण से समन्वयह्न विषय पर आज (सोमवार को) एक दिवसीय विशेष संगोष्ठी-सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। कार्यशाला में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अखिल भारतीय संयोजक गोपाल आर्य, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह



और भास्कराचार्य संस्थान के महानिदेशक टीपी सिंह सहित अनेक विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य विभागीय अभियंताओं को पर्यावरणीय सरोकारों के प्रति और अधिक संवेदनशील एवं जागरूक बनाना है। कार्यशाला में उद्घाटन-सत्र, मुख्य अतिथियों के संबोधन, तकनीकी सत्र और विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन होगा। इस अवसर पर पर्यावरण-अनुकूल निर्माण तकनीकों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें नवीनतम और टिकाऊ तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह ऐतिहासिक आयोजन प्रदेश के लगभग 1500 अभियंताओं को एक मंच पर एकत्र करेगा, जिससे वे हरित और टिकाऊ निर्माण के नए आयामों से परिचित होंगे। संगोष्ठी में भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष उपयोग एवं भू-सूचना विज्ञान संस्थान (इक्रअॠठ), गांधीनगर के विशेषज्ञ पीएम गतिशक्ति योजना के अंतर्गत डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (उढफ) निर्माण और जीआईएस पोर्टल पर सड़कों व पुलों की भौगोलिक मैपिंग पर विशेष प्रशिक्षण देंगे। इस तकनीकी ज्ञान से विभागीय परियोजनाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता और प्रभावशीलता में और वृद्धि होगी। यह कार्यशाला केवल तकनीकी कौशल विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण को विभागीय योजनाओं के केंद्र में लाने का ठोस प्रयास भी है। इससे प्रदेश में हरित, टिकाऊ और जिम्मेदार बुनियादी ढांचे के निर्माण को नई दिशा मिलेगी और ह्ललोक निर्माण से लोक कल्याणह्न की परिकल्पना को मजबूती मिलेगी।

# सराफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में बदलाव नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में सोने की कीमत में आज गिरावट का रुख नजर रहा है। हालांकि चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोना आज 700 रुपये से 760 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। कीमत में गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,02,280 रुपये से लेकर 1,02,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 93,750 रुपये से लेकर 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में परिवर्तन नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज भी 1,17,000



रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,02,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,02,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,02,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,02,280 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 93,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,02,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,02,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 93,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,02,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## हमारा राष्ट्र स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के आधार पर ही समृद्ध हो सकता है : डॉ देवेश

एजेंसी

**पटना :** बिहार में सीतामढ़ी शहर के वीरकुंवर सिंह चौक पर स्वदेशी जागरण मंच ने विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार सह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का पुतला दहन आज किया । मौके पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रान्त सह पर्यावरण प्रमुख डॉ देवेश कुमार ने कहा कि 1991 में अपनी स्थापना के बाद से ही स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी अपनाने के लिए जनता में जागरूकता पैदा कर रहा है। मंच का दृढ़ विश्वास है कि हमारा राष्ट्र स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के आधार पर ही समृद्ध हो सकता है। डॉ देवेश ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं की वर्तमान परिस्थितियों में, जहां वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं, भुगतान प्रणालियों और वैश्विक मुद्राओं को हथियार बनाया जा रहा है, अमरीका और अन्य देश अधिक से अधिक संरक्षणवादी बन रहे हैं और टैरिफ दीवारों और अन्यायपूर्ण गैर-टैरिफ बाधाओं का उपयोग करके वैश्विक निर्यात को अवरुद्ध किया जा रहा है, कुछ देशों, विशेष रूप से चीन द्वारा अतिरिक्त क्षमताओं के आधार पर माल डंप किया जा रहा है, और हमारे विनिर्माण को खत्म करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। ऐसे में स्वदेशी राष्ट्रीय हितों की रक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन हो सकता है। मौके पर जिला संयोजक संगीता झा ने प्रधानमंत्री द्वारा व्यक्त विचारों को कहते हुए कहा की भारतीयों द्वारा विदेशी विवाहों से परहेज करने का उदाहरण दिया है, स्वदेशी जागरण मंच का मानना है कि मूल्यवान विदेशी मुद्रा बचाने के और भी कई उपाय हो सकते हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### दलगांव में सड़क दुर्घटना, दो लोगों की मौत

**दरंग (असम) :** दरंग जिले के दलगांव कौपाटी असम माला मार्ग पर बीती रात हुए भयावह सड़क हादसे में दो बाइक सवारों की मौत हो गई। तेज रफ्तार से आ रही दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पल्सर बाइक (एएस-13ई-3141) और आर-वन फाइव बाइक (एएस-13एस-4056) की आमने-सामने की टक्कर में शिलबारी के सहिदुल इस्लाम काजी और झाकुआपाड़ा गांव के इकरामुल अली नामक दोनों बाइक सवारों की मौत हो गई। दलगांव थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए मंगलदोई सदर अस्पताल में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हादसा, मैनपुरी की महिला की मौत, पति घायल

**फिरोजाबाद :** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर थाना नसीरपुर क्षेत्र अन्तर्गत रविवार देर रात मोटरसाइकिल सवार दंपत्ति को एम्बुलेंस ने टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौत हो गई। जबकि पति घायल है। जिसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। जनपद मैनपुरी के थाना एलाऊ क्षेत्र के गांव मधुपुरी निवासी विकास अपनी पत्नी पूजा को मोटरसाइकिल पर बैठाकर आगरालखनऊ एक्सप्रेस वे से होकर मथुरा किसी काम से जा रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही दंपत्ति की मोटरसाइकिल एक्सप्रेस वे पर फिरोजाबाद जिले के थाना नसीरपुर क्षेत्र अन्तर्गत पहुंची तभी अचानक एक प्राइवेट एम्बुलेंस ने मोटरसाइकिल सवार दंपती को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल पर बैठी पत्नी पूजा की गिरकर मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पति विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर लोग एकत्रित हो गए। सूचना पर पुलिस व यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची और घायल विकास को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। घायल पति विकास ने बताया कि उनकी पत्नी स्टाफ नर्स थी, जबकि वह भी प्राइवेट अस्पताल में सुपरवाइजर के रूप में काम करता था। वह दोनों ड्यूटी करने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने मृतक पूजा के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी नसीरपुर का कहना है शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार ट्रक ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारी, कॉन्स्टेबल की मौत

**गाजियाबाद :** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर थाना भोजपुर क्षेत्र में रविवार की देर रात में एक तेज रफ्तार ट्रक ने गश्त कर रही पुलिस की 112 (पीआरवी) गाड़ी को भीषण टक्कर मार दी । जिसमें तैनात एक कांस्टेबल की दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्ती थी कि पुलिस की गाड़ी 112 के परखच्चे उड़ गए और कांस्टेबल की एक टांग कट कर अलग हो गई । मरने वाले सिपाही का नाम अनुज कुमार था । उसकी आयु लगभग 25 वर्ष थी। जो पुलिस के गाड़ी नंबर 112 पर तैनात था। रविवार की रात में गाड़ी गश्त कर रही थी। तभी राजस्थान नंबर के एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसमें टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कांस्टेबल की एक टांग कट गई जबकि दूसरी टांग पूरी तर कुचल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सिपाही को अस्पताल ले गई जहां उसे मेरठ के सुभारती अस्पताल में भेज दिया गया लेकिन अधिक खून बहने के कारण सिपाही की मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस विभाग में मातम छा गया है और सिपाही के परिजनों को सूचना दे दी गई है। डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने बताया कि मृतक कॉन्स्टेबल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच पड़ताल कर रही है।

### पाकिस्तान के वजीरिस्तान में सैनिकों पर हमला, एक जवान की मौत, जवाबी कार्रवाई में दो आतंकी मारे गए

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के वजीरिस्तान में सैनिकों की टुकड़ी पर घात लगाकर किए गए हमले में एक जवान की मौत हो गई। इस दौरान सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए। डान अखबार की वेबसाइट में सुरक्षा सूत्रों के हवाले से यह खबर आज सुबह प्रसारित की गई। सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, सैनिकों की टुकड़ी उत्तरी वजीरिस्तान के शावल मर्राह इलाके से ऊपरी दक्षिणी वजीरिस्तान के सिरनाराई इलाके में आगे बढ़ रही थी। तभी घात लगाकर बैठे आतंकवादियों ने अचानक गोलियां बरसानी शुरू कर दी। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इस गोलीबारी में जवान नवीद की मौत हो गई। नायक अमजद, सिपाही अबू बकर, सिपाही सियाम, सिपाही नासिर और सिपाही शौकत घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तान की सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने अभी तक इस घटना पर कोई बयान जारी नहीं किया है। घायल जवानों को इलाज के लिए रजमाक स्थित एक सैन्य केंद्र में पहुंचाया गया। अधिकारियों के अनुसार, इलाके में सक्रिय आतंकवादियों के खिलाफ अभियान जारी है।

### सपा विधायकों ने विधान भवन में दिया धरना

**लखनऊ :** विधानसभा सत्र से पहले समाजवादी पार्टी के विधायकों ने सोमवार को विधान भवन स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष धरना दिया और सरकार विरोधी नारेबाजी की। वहीं समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान धनुष लेकर विधान भवन पहुंचे। सपा विधायक इंजीनियर सचिन यादव दीक्षांत समारोह का गाउन पहनकर पहुंचे। उनके गाउन पर युवाओं के बेरोजगारी जैसे मुद्दे लिखे हुए थे। समाजवादी पार्टी ने सरकार को हर मुद्दे पर कठघरे में खड़ा किया। सपा विधायकों का कहना है कि इस सरकार में किसान परेशान है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। उल्लेखनीय है आज सुबह 11:00 बजे से विधानमंडल का सत्र आरंभ हो रहा है।

### चकरोड पर मिला अज्ञात अधेड़ का शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

**मीरजापुर :** अदलहाट थाना क्षेत्र के ग्राम दर्रा स्थित चौरा माता मंदिर के पास सोमवार सुबह कच्ची चकरोड पर अज्ञात अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे नारायनपुर चौकी इंचार्ज अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष है, काली हल्की दाढ़ी बढ़ी हुई है और शरीर पर केवल केसरिया गमछा मिला है। पहचान के प्रयास करने पर ग्रामीणों ने बताया कि मृतक अक्सर आसपास के क्षेत्रों में घूमता रहता था और देखने में मंदबुद्धि प्रतीत होता था। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के कारणों का पता रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा।

### एसेक्स मरीन ने आईपीओ निवेशकों को किया निराश, कमजोर लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

**नई दिल्ली :** सी-फूड प्रॉसेस करने वाली कंपनी एसेक्स मरीन के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में कमजोर एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 54 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 20 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ इसकी लिस्टिंग 43.20 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण कुछ ही देर में कंपनी के शेयर फिसल कर 41.04 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गए।

न्यूज IN ब्रीफ

## कनवाई चालक की हत्या के फरार आरोपी दे रहे केस उठाने की धमकी

**जमशेदपुर :** कनवाई चालक संजय कुमार श्रीवास्तव की हत्या में 5 महीने से फरार आरोपी परिजनों को धमकी दे रहे हैं। सोमवार को परिजन यह शिकायत लेकर जिला पुलिस मुख्यालय पहुंचे और ज्ञापन देकर सुरक्षा की मांग की है। बताया जाता है कि गोविंदपुर के गदरा में पड़ोसियों ने 17 मार्च को कनवाई चालक संजय कुमार श्रीवास्तव की द्वारा पीट- पीट कर हत्या की थी। मामले के पांच आरोपियों को पुलिस अभी तक नहीं पकड़ सकती है। पुलिस की गिरफ्त से दूर आरोपी मृतक के परिजनों को केस उठाने की धमकी दे रहे हैं। बताया जाता है कि हत्या मामले में पुलिस ने पहले जो आरोपियों को पकड़ कर जेल भेजा है अन्य आरोपियों को नहीं पकड़ सकी।

## युवक ने अपने ही घर में लगायी आग

**धनबाद :** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र से एक बेहद ही हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 19 वर्षीय युवक ने अपने ही घर में आग लगा दी, जिससे घर में रखे लाखों रुपये नगद और सारा सामान जलकर राख हो गया। जंगलपुर कब्रिस्तान के पास रहने वाले साबिर अंसारी के पुत्र 19 वर्षीय इमरान अंसारी ने कल रविवार को अपने ही घर में आग लगा दी।

बेटे की इस हरकत से दुखी मां आमना खातून ने बताया कि इमरान ने घूमने-फिरने के लिए पिता से एक हजार रुपये मांगे थे। पिता ने बिना काम के इतने पैसे देने से इंकार कर दिया और ऑटो चलाने निकल गये। इसके बाद इमरान ने गुस्से में आकर घर में ही आग लगा दी। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। पीएम आवास के तहत मिले पैसे भी जलकर खाक हो गये।

इमरान घर में आग लगाने के बाद भी नहीं रुका। आग लगाने के बाद वह हाथ में कुल्हाड़ी लेकर घूमने लगा। इस दौरान इमरान कह रहा था कि जो कोई भी उसे रोकेगा, उस पर वह कुल्हाड़ी से हमला कर देगा। इसी वजह से किसी ने उसके पास जाने की हिम्मत नहीं जुटायी।

## भूली में बंद आवास से तीन लाख नकद व 20 लाख के जेवरात ले भागे चोर

**भूली :** गृहस्वामी परिवार के साथ इलाज कराने गये थे मध्य प्रदेश ऊॅंल्लुं ठी६२ः भूली ओपी क्षेत्र के अमन सोसाइटी गेट नंबर तीन मजिस्द के बगल स्थित बंद मोहम्मद अली जिन्ना के आवास का ताला तोड़ कर चोरों ने तीन लाख रुपये नकद तथा करीब 20 लाख के गहनों की चोरी कर ली। इस संबंध गृहस्वामी ने भूली ओपी में लिखित शिकायत की है। शिकायत में मो अली जिन्ना ने कहा है कि दो अगस्त को अपना इलाज कराने परिवार के साथ मध्य प्रदेश बैतूल गये थे। वहां से ट्रेन से लौट रहे थे। इसी दौरान नौ अगस्त की रात में पड़ोसियों ने फोन कर आवास का गेट खुला होने की सूचना दी। रविवार की सुबह घर पहुंचे, तो देखा घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर कमरे में अलमारी व कबड का लॉक टूटा हुआ था। उसमें रखा तीन लाख रुपये नकद, सोने का मंगलसूत्र तीन भर, सोने का गला का हार दो भर, चार जोड़ी सोने की कानबाली चार भर, तीन पीस सोने की चेन दो भर, 10 पीस सोने की अंगूठी 70 ग्राम, एक जोड़ा सोने का कान का झुमका दो भर, एक पीस सोने का मांगटिका 10 ग्राम, एक पीस सोने की नथिया आठ ग्राम, चार जोड़ा सोने का टॉप्स 20 ग्राम, सोने की कान का रिंग चार पीस 24 ग्राम, तीन पीस सोने का लॉकेट 45 ग्राम, चार जोड़ी चांदी की पायल, तीन पीस चांदी की चेन तथा चार पीस चांदी के रिंग गायब थे। मो अली जिन्ना मछली सप्लाई में मुंशी का काम करते हैं। सूचना पाकर भूली पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू कर दी है। भुक्तभोगी की पत्नी सबिला परवीन ने बताया कि बेटी की शादी के लिए गहने बनवा कर घर रखे थे, जो चोर ले भागे।

## भूली में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**भूली :** भाजपा भूली मंडल अध्यक्ष सूरज कुमार पासवान के नेतृत्व में रविवार को सी ब्लॉक स्थित अटल स्मृति पार्क से तिरंगा यात्रा निकाली गयी। महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तिरंगा यात्रा की शुरूआत की। तिरंगा यात्रा सी ब्लॉक होते हुए बी ब्लॉक आंबेडकर चौक तक निकाली गयी। आंबेडकर चौक में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि हमारे लिए यह गौरव है कि देश की आजादी का 79 वर्ष 15 अगस्त को हो रहा है। यात्रा में पूर्व महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, मानस प्रसून, रजनीश तिवारी, रंजीत कुमार, मनमोहन सिंह, गंगोत्री सिंह, आशा राय, इंद्रकांत झा, ओम प्रकाश झा, मनोज कुमार गुप्ता, पप्पू शर्मा, सुमेश कुमार, जितेन्द्र चौहान, कुणाल रंजन, कलावती देवी, मंजू देवी, मीना सिंह, कैलाश गुप्ता, संकट मोचन पांडेय, गौरव कुमार, मनोज कुमार, सचिन कुमार, शुकर दास, पवन दास, अरविंद कुमार, सुनील सिंह, सतेंद्र ओझा, एसडी सिंह, विनोद कुमार, आनंद सिन्हा, सखी चंद महतो, महेश सिंह, उपेंद्र सिंह, शंकर कुमार, रमेश यादव आदि थे।

## कक्षा शिक्षण पर चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के शिक्षा संकाय में सोमवार को भाषा अर्जन, शिक्षण विधियां और कक्षा शिक्षण पर चार दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। यह कार्यक्रम अगले चार दिनों तक चलेगा। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन और मुख्य अतिथि के रूप में डॉ शिबानुर रहमान (असिस्टेंट प्रोफेसर , अंग्रेजी विभाग , इलाहाबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी) ने स्किनर , जीन पियाजेट, चोम्स्की के प्रयोगों की विस्तार में चर्चा की। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में अल कबीर पॉलिटेक्निक इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ वारिस एस इमाम ने विद्यार्थियों को कक्षा शिक्षण की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ये भी बताया कि कक्षा शिक्षण में पावरफुल इंपैक्ट कैसे कायम किया जा सकता है। विशेष अतिथि के रूप में अल कबीर पॉलिटेक्निक इंजीनियरिंग कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आजम इकबाल उपस्थित रहे।शिक्षा संकाय की शिक्षिका और कार्यक्रम की को- कन्वेनर प्रोफेसर सुबुही रहमान का कार्यक्रम को सफल बनाने में बहुत बड़ा योगदान रहा। करीम सिटी कॉलेज के शिक्षा संकाय के ग्रीवांस रिड्रेसल सेल ने इस कार्यशाला का आयोजन किया। मंच संचालन स्नेहा चौधरी ने किया। डॉ प्रियंका प्रियदर्शनी ने अतिथियों का परिचय विद्यार्थियों से करवाया।

## शुमरा हैदर को इंटरनेशनल इंग्लिश ऑलिम्पियाड में जोनल चौथा रैंक

जमशेदपुर : वैली व्यू स्कूल टेल्को की क्लास छह की छात्रा शुमरा हैदर को इंटरनेशनल इंग्लिश ऑलिम्पियाड -2024-25 के अंग्रेजी भाषा मे जोनल में चौथा रैंक प्राप्त हुआ है।छात्रा को एस ओ एफ की ओर से गोल्ड मेडल प्रशस्ति पत्र एवं पांच सौ रुपिया का गिफ्ट वाउचर मिला है। शुमरा हैदर बारीनगर टेल्को निवासी अधिवक्ता गुड्डू हैदर की सुपुत्री है।बच्ची की इस उपलब्धि पर स्कूल के शिक्षकों ने छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# डीआईजी ने पांकी पुलिस निरीक्षक कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

### रजिस्टर अद्यतन में देरी पर जताई नाराजगी, लापरवाही पर चेतावनी

संवाददाता

**पांकी :** रविवार देर शाम पलामू डीआईजी नौशाद आलम अचानक पांकी पहुंचे और पुलिस निरीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। डीआईजी के पहुंचते ही पुलिस महकमे में हलचल मच गई।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने रजिस्टर, केस डायरी, लंबित मामलों की फाइलें और शिकायत पंजी की बारीकी से जांच की। कई रजिस्टरों में अद्यतन कार्य में देरी पाकर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित कर्मियों को फटकार लगाई।डीआईजी ने कहा- जनता की सुरक्षा और न्याय हमारी पहली प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। शिकायतों का निपटारा समयबद्ध तरीके से होना चाहिए और हर पीड़ित को न्याय मिलना चाहिए।

उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि गश्ती व्यवस्था मजबूत करें, गुप्तचर तंत्र सक्रिय रखें और अपराध पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही थाना और निरीक्षक कार्यालय परिसर की साफ-सफाई की सराहना भी की।

निरीक्षण के दौरान पांकी पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष और कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। डीआईजी ने सभी से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए टीमवर्क और जनता से बेहतर तालमेल बनाने की अपील की।अंत में सभी पुलिस कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम. शुभकामनायें दिए और राष्ट्रीय गान के साथ निरीक्षण समाप्त किए।

## तैयारियां पूरी, 79 लोग करेंगे रक्तदान

**सिंदरी :** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 14 अगस्त को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर की तैयारियां पूरी हो गई है। रविवार को समीक्षा बैठक जय माता दी मंदिर में हुई। गुरुवार सुबह 10 बजे से रक्तदान प्रारंभ किया जाएगा। इस बार आजादी की 79वीं वर्षगांठ है। इसलिए 79 रक्तवीर रक्तदान कर स्वतंत्रता सेनानियों और अमर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ बीके पांडे भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में मंच के अध्यक्ष रंजीत कुमार समेत सौरभ सिंह, भाई दां, सुरेश सिंह, राजू पाण्डेय, इंद्र मोहन सिंह, सत्यदेव सिंह, पवन शर्मा, रंजन सिंह, महताब, सुरजीत सिंह, नवीन कुमार रजक, प्रत्युश कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## घोड़ा से टकराकर बाइक चालक घायल

**अलकडीहा :** तिसरा थाना क्षेत्र के जयरामपुर मोड़ में रविवार की शाम बाइक सवार सुजीत सुपकार घोड़ा से टकराकर बुरी तरह घायल हो गया। तीसरा पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को एसएनएमएमसीएच पहुंचाया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। बताते हैं कि सुजीत सुपकार सवारडीह कतरास के रहने वाले है। वह अपने ससुराल अलकडीहा बाइक से आ रहे थे । इसी क्रम में जयरामपुर मोड़ स्थित मुख्य मार्ग में घोड़ा खड़ा था। अनियंत्रित होकर वह घोड़ा से टकरा गए और सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। उन्हें गंभीर चोट लगी है।

## चोरी के मामले में महिला समेत तीन गिरफ्तार

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूमगढ़ थाना अंतर्गत नरसिंहगढ़ स्थित हनुमान वाटिका मंदिर में चोरी के मामले में पुलिस ने महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जवाहरनगर बगानशाही निवासी मो अरमान, राजा उर्फ बिल्ला और दाईगुट्ठु हरिजन बस्ती निवासी सोनी कुमारी साव शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए समान और घटना में प्रयुक्त अरमान की स्कूटी को भी बरामद कर लिया है। मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि 19 जुलाई को रात्रि को मंदिर से समानों की चोरी की गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की और आरोपियों को गिरफ्तार किया।चोरी के सामनों को सोनी कुमारी के पास से बरामद किया जो बर्तन दुकान चलाती है।

# मंदिर से दान पेटी ले उड़े अज्ञात चोर

### उक्त दान पेटी में अनुमानित राशि 50,000 रुपया होने की संभावना

### नशेडियों के व्दारा दान पेटी चोरी किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है

### पुलिस ने दिया जल्द गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने का आश्वासन

गुमला : गुमला जिला अन्तर्गत स्थित घाघरा थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध देवाकी बाबा धाम के दान पेटी शुक्रवार के देर रात्रि में अज्ञात चोरों व्दारा चुरा ली गई, दूसरे दिन प्रसिद्ध देव की धाम बाबा मंदिर से दान पेटी की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई। बाद में देवाकी बाबा धाम मंदिर प्रबंध समिति द्वारा उक्त दान पेटी चोरी की घटना की जानकारी शनिवार के दोपहर लगभग 3:00 बजे, घाघरा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही घाघरा थाना पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए,अपने दलबल के साथ, प्रसिद्ध देवाकी बाबा धाम मंदिर परिसर में पहूँचकर देवाकी बाबा धाम मंदिर के पुजारी एवं प्रसिद्ध देवकी धाम बाबा मंदिर के प्रबंध समिति एवं आसपास के उपस्थित ग्रामीणों से गहराई से पूछताछ करते हुए, घाघरा थाना पुलिस ने आश्वासन दिया कि जल्द ही उक्त दान पेटी चोरी से संबंधित सभी अज्ञात अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया जायेंगा। घाघरा के प्रसिद्ध देवाकी बाबा धाम मंदिर के प्रबंध समिति और उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की देर रात्रि में देवाकी बाबा धाम मंदिर में रखे दान पेटी को अज्ञात चोरों व्दारा चोरी कर ली गई हैं, उक्त दान पेटी को एक सप्ताह से नहीं खोला गया था, उक्त दान पेटी में अनुमानित राशि लगभग ₹50,000 रुपए होने की संभावना व्यक्त की जा रही है, उन्होंने यह भी बताया की फिलहाल के दिनों में घाघरा थाना क्षेत्रों में नाबालिक किशोर और युवाओं के बीच प्रतिबंधित अवैध ब्राउन शुगर, नशीली दवाएं, शराब, अवैध महुआ का चूलईया दारू, गांजा, भाँग आदि का खरीद बिक्री होने के कारण अधिकांश नाबालिक किशोर और युवा वर्ग नशे की लत लगने के कारण और पास में पैसा नहीं होने के कारण, चोरी और अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है और घाघरा थाना क्षेत्र में एकाएक चोरी और आपराधिक घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है, फलस्वरूप संबंधित युवाओं के माता पिता, परिवार , परिजन, अभिभावक, शिक्षक, शिक्षिकाओं, सहित आम नागरिक उक्त युवाओं और युवतियों के भविष्य को लेकर काफी चिंतित और भयभीत हैं की आगे क्या होगा।

# दुर्गा पूजा के पूर्व ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित करने का निर्णय

संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला अन्तर्गत स्थित घाघरा प्रखण्ड मुख्यालय में दुर्गा पूजा समिति चांदनी चौक घाघरा की बैठक रविवार को आयोजित की गयी, बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति की पुरानी कार्यकारिणी समिति को यथावत रखा जाय, और इस वर्ष दुर्गा पूजा को पारंपरिक रीति-रिवाजों से और भव्यता के साथ मनाने का संकल्प लिया गया, बैठक में पूजा पंडाल की सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति और स्वच्छता पर विशेष चर्चा की गई। सर्वसम्मति से तय किया गया कि इस वर्ष पंडाल को आकर्षक थीम पर सजाया जाएगा और पूजा के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें स्थानीय कलाकारों के साथ-



साथ बाहर से आने वाले कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। समिति ने निर्णय लिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता और फर्स्ट एड की व्यवस्था की जाएगी।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक आस्था का पर्व है,बल्कि यह समाज को एकजुट करने और भाईचारे का संदेश देने का अवसर भी है। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आश्वासन दिया। पूजा के पूर्व ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में बिपिन बिहारी सिंह, अशोक उरांव, सदय प्रताप जायसवाल, अमित नाग, नीरज जायसवाल, सुशील कुमार, उमेश सिंह, अरुण पांडे, मनोज महापात्र, अमित सिंह, मुरली मनोहर सिंह, राकेश चौरसिया, ऋषि महापात्रा, छोटू साहू, सुदामा गुप्ता, संजय शर्मा सहित अन्य लोग यपस्थित थे।

## चांडिल में लाइन ब्लॉक, टाटा से लेट खुली चार ट्रेनें

**जमशेदपुर :** मालगाड़ी दुर्घटना के बाद चांडिल से ट्रेनों का परिचालन तो शुरू हो गया लेकिन सिस्टम को दुरुस्त करने में अभी और एक-दो दिन लगेंगे। लाइन सिग्नल और प्वाइंट को सुचारु करने के लिए चांडिल में सोमवार को 5 घंटे का लाइन ब्लॉक लिया गया इससे टाटानगर से धनबाद स्वर्ण रेखा एक्सप्रेस और गोड्डा एक्सप्रेस को तीन-चार घंटे लेट से रवाना करने का आदेश दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से आया है। जबकि संतरागाछी से आनंद विहार एक्सप्रेस को भी लेट से रवाना किया गया। वहीं, भुनेश्वर दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस को टाटानगर या किसी अन्य स्टेशन पर ब्लॉक के दौरान रोका जा सकता है। ट्रेनों कोई लेट होने से टाटानगर स्टेशन पर सैकड़ो यात्रियों को परेशानी हुई।

# सात दिनों से लापता महिला का शव बरामद

गुमलाः गुमला जिला अन्तर्गत रायडीह : सुरसांग थाना क्षेत्र के जामलोंगरी गांव के ध्वजा टोंगरी स्थित जंगल में आरा ढोलढाड थाना आरा,जिला जशपुर रोड छत्तीसगढ़ निवासी मूनी बाई (32) का शव सखुआ पेड़ में फांसी में झूलता हुआ सुरसांग पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम में भेजवाया गया हैं, उक्त घटना के संबंध में मृतका के पति शंकर सिंह ने बताया की उनकी पत्नी कुछ दिन पूर्व अपना माइका जशपुर गई हुई थी। जहां से वो तीन अगस्त को अपने ससुराल सिमडेगा पाकड डांड जाने की बात कह कर घर से निकली थी। जिसके बाद से वह रहस्यमय ठंग से एकाएक लापता हो गई, काफी खोजबीन के बावजूद भी उसका कोई अतापता नहीं चल पा रहा था। उसने यह भी बताया की उसकी पत्नी मूनी बाई का दिमागी हालत कुछ दिनों से सही नहीं चल रहा था। इस संबंध में मृतका के पति शंकर सिंह के आवेदन पर सुरसांग थाना पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है।

## स्वदेशी जागरण मंच ने साकची में निकाला विरोध मार्च

**जमशेदपुर :** स्वदेशी जागरण मंच के बैनर तले साकची गोलचक्कर से बसंत टॉकीज तक स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के तहत विरोध मार्च निकाला गया। अखिल भारतीय पर्यावरण सह प्रमुख वंदे शंकर के नेतृत्व में आयोजित इस मार्च में राहगीरों से अपील की गई।

# 1200 फिट की ऊंचाई पर पानी में विराजमान हैं भगवान शिव, दर्शन मात्र से जीवन हो जाएगा धन्य

### हरे भरे जंगलों के बीच 1200 सौः फीट ऊंची पहाड़ी गुफा में, श्री श्री 108 श्री देवों के देव महादेव के शिवलिंग पर 365 दिन, 24 घंटा पानी की धार शिवलिंग पर गिरती रहती है

**गुमला :** सावन का पावन महीना खत्म हो गया है, और सावन माह के अलावे भी सालों भर देवो के देव श्रीश्री 108 श्री भोले नाथ शिव की पूजा अर्चना करने की मान्यता चली आ रही है. फलस्वरूप दुनिया भर के समस्त श्री शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रहती है. गुमला जिला और लोहरदगा जिला के बीच में स्थित गढ़गांव चंदवा में महादेव श्रीश्री 108 श्री महादेव मंडा मंदिर की एक अलग पहचान हैं, फलस्वरूप उक्त मँडा शिव मंदिर में विभिन्न क्षेत्रों से शिव भक्त हजारों की संख्या में भक्त भगवान शिव के दर्शन को पहुंचते रहते हैं, उक्त मण्डा शिव मंदिर लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखंड के गढ़गांव चंदवा में स्थित है .यह मंदिर चारों ओर हरे भरे जंगल के बीच 1200 फीट ऊंची पहाड़ी, गुफा में स्थित हैं. जहाँ श्री श्री 108 श्री देवों के देव महादेव जी के शिवलिंग के ऊपर 24 घंटा और सालों भर पानी गिरता रहता है.और उक्त शिवलिंग पर पानी गिरने का श्रोत कहाँ से आता हैं, यह एक रहस्य बना हुआ हैं, और उक्त रहस्यमय दृश्य काफी अद्भुत और अनोखा है, जिसे देखने और माथा टेकने के लिए, शिव भक्त,उक्त शिवलिंग के दर्शन के लिए ललित रहते हैं और उक्त मण्डा शिव मंदिर का मान्यता है, की अगर कोई व्यक्ति सच्चे मन से जो भी मुरादें मांगते हैं, वह निश्चित ही पूर्ण होती है. ऐसी मान्यता हैं ' स्थानीय लोगो ने बताया कि यहां आने के लिए आपका निजी वाहन बेस्ट है.आप यदि गुमला जिला से जाते हैं तो आपको घाघरा पार करके कंडरा पहुंचना होगा फिर वहां से बाएं होते हुए लगभग 12 किमी की दूरी पर गड़गांव चंदवा पहुंच जाएंगे है.यह मंदिर गुमला मुख्यालय से लगभग 55 किमी की दूरी पर स्थित है.वहीं लोहरदगा जिला से लगभग 30 किमी की दूरी पर स्थित है.जहां 12 सौ फिट ऊंची पहाड़ी में शिव बाबा हैं. बोले तो यह मिनी कश्मीर से कम नहीं है क्योंकि यह मंदिर चारों ओर घने



जंगल के बीच पहाड़ियों में स्थित है.मेरे हिसाब से झारखंड का नंबर 1 भोलेनाथ का मंदिर है,जो इतनी ऊंची चोटी पहाड़ी में स्थित है.और यहां की सबसे बड़ी खासियत है कि पहाड़ से 24 घंटा भोले बाबा के ऊपर अमृत जल धारा गिरते रहता है.यहां आना और शिव बाबा के दर्शन करने से मन को बहुत सुकून मिलेगा . यहां सालों भर गर्मी बरसात ठंडा पहाड़ से पानी गिरता रहता है और शिवलिंग भी पानी में है.और यहां की विधि व्यवस्था थोड़ी ठीक हो तो और दूर दूर से लोग पहुंचेंगे.

स्थानीय लोगो ने बताया कि यह लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखंड के गढ़गांव , चंदवा में महादेव मंडा स्थित है.यह मंदिर काफी प्राचीन है लेकिन वीरान था,इसे कुछ वर्ष पूर्व तक कोई नहीं जानते थे लेकिन सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद काफी चर्चा में है और काफी दूर दूर से लोग यहां शिव जी के दर्शन को आ रहे हैं .यह लोहरदगा और गुमला जिला के बीच में स्थित है .और यहां अब हजारों की संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं. और यहां अब गुमला, लोहरदगा, रांची के अलावा मुंबई दिल्ली से भी लोग आ रहे हैं .यहां आने के लिए आपको निजी वाहन से आना होगा.ऐसे सोमवार के दिन यहां आने के लिए केवल ऑटो मिलता है.

वहीं रांची से आए लोग ने बताया कि हमलोग रांची से यहां महादेव मंडा शिवजी के दर्शन को आए हैं और यहां पर आकर पूजा करके बहुत अच्छा लगा. हम लोग सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद देखकर यहां आए हैं. यहां शिव जी के दर्शन करके मन में बहुत खुशी हुआ .यहा बहुत ही सुंदर जगह है ,इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होना चाहिए.और जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी. रांची ध्रुवा जगन्नाथपुर से आए लोगो ने बताया कि यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है . हम लोग हर साल जगह नई-नई जगह खोज कर घूमते हैं.और हमलोगों का 20 से 25 लोगों का समूह है.हमलोग पूरे समूह में हर साल कहीं ना कहीं नया जगह जाते हैं. हमलोग सोशल मीडिया यूट्यूब /इंस्टाग्राम के माध्यम से इसका पता चला.और यहां हम लोग महादेव मंडा आए .और यह छोटा अमरनाथ के नाम से प्रसिद्ध हो रहा है. यहां आकर हमलोगों को बहुत अच्छा लगा . अगर सरकार ध्यान दे तो यह पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होगा और लोगों का आवागमन बढ़ेगा जिससे यहां के लोगों को रोजगार भी मिलेगा.